●वर्ष : 16 ●अंक : 223 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928


# दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


## समाचार

### निशिकांत दुबे के बयान पर लोकसभा में हंगामा, सांसदों को ओम बिरला की सलाह

**दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज नौवा दिन था। नवें दिन लोकसभा में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। निशिकांत दुबे के एक बयान को लेकर विपक्ष भड़क गया। वहीं राज्यसभा में कुछ काम का जरूर हुआ। लेकिन विपक्ष का हंगामा भी समय-समय पर जारी रहा। वहीं, भारतीय वायुयान विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि छह हवाई अड्डों को गहन, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अदाणी समूह को पट्टे पर दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदस्यों से नियम एवं प्रक्रियाओं का पालन करने और सदन में बिल्ले आदि लगाकर नहीं आने का आग्रह किया।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा कांग्रेस के खिलाफ लगाए गए कुछ आरोपों पर विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद फिर शुरू होने पर कुछ ही मिनट के अंदर दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में कांग्रेस को घेरने का प्रयास करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछने के लिए कुछ सवाल उठाए जिसके बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया और दोनों पक्षों की नोकझोंक के बीच सदन की बैठक दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

सदन की कार्यवाही दो बजे फिर से आरंभ होने पर कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों के सदस्यों ने हंगामा जारी रखा। विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। उनकी मांग थी कि लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई को बोलने का मौका दिया जाए। पीठासीन सभापति जगदम्बिका पाल ने कहा कि रेल संशोधन विधेयक, 2024 पर चर्चा हो चुकी है और विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव को जवाब देना है, ऐसे में विपक्षी सदस्य सदन चलने दें। पाल ने कहा, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया था कि चर्चा के लिए रेल का विधेयक लेंगे। इस पर हुई चर्चा में सदस्यों ने भागीदारी की। अब माननीय मंत्री का जवाब सुनना है। उन्होंने गौरव गोगोई से कहा, शून्य प्रहर में निशिकांत दुबे जी को अवसर मिला, आपको भी अवसर मिला...आपको लगता है कि कोई विषय है तो उस पर अध्यक्ष जी को निर्णय करना है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सदन में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों का व्यवहार उचित नहीं है। उन्होंने कहा, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हम लोगों ने हर विधेयक पर समय तय किया था। अब हंगामा कर रहे हैं...यहां तय किया गया था कि तख्तियां लेकर सदन में नहीं आएंगे, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर फैशन शो किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। रीजीजू ने कहा, इस तरह से हंगाामा करने से कुछ नहीं होगा। हंगामा करने से वोट नहीं मिलता है। चर्चा करने से लोग पसंद करेंगे। हंगामे के बीच ही, पाल ने रेल मंत्री वैष्णव का नाम बुधवार को हुई चर्चा परजवाब देने के लिए पुकारा। वैष्णव ने बोलना शुरू किया तो विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी तेज कर दी।

## महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार

# तीसरी बार बने राज्य के मुख्यमंत्री, एनडीए की दिखी ताकत





नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** में देवेंद्र फडणवीस ने आज एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को मिले बंपर बहुमत के बाद देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। देवेंद्र फडणवीस के अलावा शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई में देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए की ताकत देखने को मिली। पूरे देश के एनडीए के नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। देवेंद्र फडणवीस को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इसके अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल भी इस समारोह में शामिल हुए।

### >> विधानसभा चुनाव में महायुति का जबरदस्त पलटवार

लोकसभा चुनावों में जहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों, एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना एवं अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं सिर्फ छह माह बाद हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत भाजपा, शिवसेना, राकांपा एवं कुछ अन्य छोटे दलों को मिलाकर बनी महायुति के लिए उत्साहवर्धक।

विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी ने पहले इस योजना को चुनावी योजना बताते हुए इसको कोर्ट में चुनौती देने की कोशिश की, उसके बाद खुद भी अपने घोषणापत्र में 3000 रुपए देनेवाले ऐसी ही एक योजना घोषित की। लेकिन लाभ पा रही लाडकी बहनों का भरोसा वह महायुति से नहीं डिगा सकी।

उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं दूसरे उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ मंत्रालय जाकर नई सरकार की पहली मंत्रिमंडल की बैठक में हिस्सा लिया। उसके बाद वह सीधे गेटवे आफ इंडिया के पास स्थापित शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा को माल्यार्पण करने गए। उसके बाद वह सीधे अपने गृह जिले ठाणे पहुंचे और वहां अपने राजनीतिक गुरु आनंद दिघे के स्मारक पर जाकर उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आज फडणवीस ने भी गुलाबी जैकेट ही पहनी। लेकिन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हमेशा की तरह सफेद पैंट-शर्ट में ही नजर आए। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वह कई बार खुद को लाडकी बहनों का लाडका भाऊ बता चुके हैं।

### ›› गुलाबी जैकेट ने लोगों का ध्यान खींचा

शपथ ग्रहण के मंच पर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पहुंचे देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुलाबी जैकेट पहने नजर आए। अजीत पवार ने वित्तमंत्री के रूप में बजट पेश करते हुए जबसे यह योजना घोषित की है, वह तभी से महिलाओं का रंग माने जानेवाले गुलाबी रंग की ही जैकेट पहन रहे हैं।



ऑल इंडिया कांग्रेस कम्युनिटी के विचार विभाग की 4 दिसंबर को बैठक हुई जिसमें सीनियर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती जय शुक्ला जी भी उपस्थित हुई।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



# आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

दलित और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग-अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल-बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी, पर ये कोशिश जगहझजगह जारी है। सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हांलाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा, इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हांलाकि प्रदेश कैबिनेट में पास किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली कैबिनेट की बैठक में इस पर फिर विचार होगा। हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आतेझआते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा। वे देश का विभाजन करवा देंगे। इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए। आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्य़म नजर आने लगा है।


**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


# लोगों में न तो कानून के प्रति सम्मान है और न ही डर

## सड़क दुर्घटनाओं में मौतों पर लोकसभा में भड़के नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को कम करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों के बावजूद, हताहतों की संख्या में वृद्धि हो रही है, क्योंकि लोगों में न तो कानून के प्रति सम्मान है और न ही डर। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि वह खुद सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं और इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील हैं। मंत्री ने कहा कि चार कारक हैं जो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं - सड़क इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, कानून का प्रवर्तन और लोगों की शिक्षा।

**लोगों में कानून को लेकर कोई डर नहीं है- गडकरी**

गडकरी ने कहा, समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि न तो उनमें कानून के प्रति सम्मान है, न ही कानून का डर है। रेड सिग्नल पर लोग गाड़ी नहीं रोकते, हेलमेट नहीं पहनते, ऐसी कई समस्याएं हैं। 30,000 लोग सिर्फ इसलिए मर जाते हैं क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहनते हैं। मैं खुद इसका शिकार रहा हूं, महाराष्ट्र में विपक्ष का नेता रहते हुए एक दुर्घटना में मेरा पैर चार जगह से टूट गया था और मैं इस मामले में लगातार संवेदनशील हूं। उन्होंने कहा, मुझे यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि कड़ी मेहनत के बावजूद इस साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख मौतें हुई हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मौतें इसलिए हुई हैं क्योंकि सड़कों पर नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया है...जन प्रतिनिधियों, मीडिया या समाज के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। हमने जुमार्ने भी बढ़ाए हैं, लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं। गडकरी ने कहा कि बुधवार को एक कार ने उनके सामने से ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया। मंत्री ने अध्यक्ष से इस मुद्दे पर अलग से चर्चा कराने का आग्रह किया और कहा कि सरकार स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, समस्या यह भी है कि कुछ ब्लैक स्पॉट हैं और सरकार ने ब्लैक स्पॉट पर 40,000 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय पहले ही ले लिया है... विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में पहचानी गई गलतियों के अनुसार ब्लैक स्पॉट मौजूद हैं और हम इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# झारखंड की सियासत में बढ़ी गोड्डा जिले की हनक

## सीएम के साथ ही मिले दो मंत्री पद

### ›› पांच दशक बाद गोड्डा के किसी विधायक को मिला मंत्री पद:

गोड्डा विस सीट से राजद विधायक संजय प्रसाद यादव पहली बार मंत्री बने हैं। इससे पहले 80 के दशक में गोड्डा के तत्कालीन विधायक हेमंत झा एकीकृत बिहार में मंत्री बने थे। लिहाजा अब पांच दशक बाद मंत्रिमंडल में गोड्डा को प्रतिनिधित्व मिला है। इससे पहले बिहार विधानसभा में हेमंत झा ने 1969 ,1972 एवं 1980 में गोड्डा सीट से जीत हासिल की थी।



नूना न्यूज एजेंसी।

**गोड्डा।** झारखंड की सियासत में गोड्डा जिले की हनक बढ़ी है। हेमंत सरकार में जिले को सीएम के साथ ही दो मंत्री पद मिले हैं। गुरुवार को राजभवन के अशोक वाटिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में गोड्डा विस सीट के राजद विधायक संजय प्रसाद यादव ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। वहीं, महागामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह दूसरी बार मंत्रिमंडल में जगह बनाने में सफल रहीं। चुनाव के पूर्व ही उन्हें हेमंत सरकार में कृषि मंत्री का दायित्व सौंपा गया था। एक साथ एक जिले को तीन तीन मंत्री मिलना बड़ी बात है। झारखंड में एक जिले को तीन मंत्री अब तक नहीं मिले हैं। जाहिर है कि इससे गोड्डा के विकास को बल मिलेगा। साथ ही राजनीतिक गलियारे में भी गोड्डा जिले की हनक भी बढ़ेगी। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन के विस क्षेत्र बरहेट के अधीन ही गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी और बोआरीजोर प्रखंड के कुल 91 बूथ हैं यहां 71 हजार से अधिक मतदाताओं के विधायक हेमंत सोरेन ही हैं।

तीसरे टर्म की विधायकी में उन्हें मंत्री पद मिला है। राजद संगठन में भी संजय प्रसाद यादव का कद बड़ा है। वे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी माने जाते हैं। यही कारण है कि राजद ने उनपर भरोसा जताते हुए मंत्री पद दिलवाया है।

दीपिका पांडे सिंह का जन्म झारखंड के रांची में एक राजनीतिक परिवार में हुआ। उनकी मां प्रतिभा पांडे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। दीपिका ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रांची से की। उन्होंने 1994-97 में सेंट जेवियर्स कालेज से जीव विज्ञान में बीएससी की डिग्री हासिल की। 1998-2000 में रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस से सूचना प्रौद्योगिकी में एमबीए की पढ़ाई की।

बाद में 2008-2011 तक कापरेटिव कालेज, जमशेदपुर से एलएलबी की पढ़ाई की। उनका विवाह रत्नेश कुमार सिंह से हुआ है, जो बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और महागामा से चार बार के विधायक अवध बिहारी सिंह के पुत्र हैं। क्षेत्र में जन मुद्दों को लेकर दीपिका पांडेय सिंह का आक्रामक तेवर रहा है।

### ›› संताल परगना की पहली महिला विधायक दूसरी बार बनीं मंत्री:

महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह संताल परगना की पहली महिला विधायक हैं, जो दूसरी बार मंत्री बनने में सफल रही है। इससे पहले जुलाई 2024 में उन्हें हेमंत कैबिनेट में कृषि मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। महागामा विस सीट से लगातार दूसरी बार जीतने वाली कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह के ससुर अवध बिहारी सिंह भी एकीकृत बिहार में मंत्री रह चुके हैं।

# संभल हिंसा: चौराहों पर आरोपियों के पोस्टर जल्द लगाएगा प्रशासन

## 400 से अधिक चिह्नित, 2750 लोगों के खिलाफ केस

नूना न्यूज एजेंसी।

**संभल।** में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। अब तक 400 से अधिक लोगों की पहचान की गई है। इसमें से 32 को गिरफ्तार किया गया है। पोस्टर में गिरफ्तार लोगों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। डीएम के मुताबिक पोस्टर का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। शांति समिति की बैठक में तय किया जाएगा कि कितने लोगों के पोस्टर लगाए जाएंगे। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। प्रशासन का कहना है कि यह कदम कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए उठाया जा रहा है।

**दो बवाली गिरफ्तार, पूछताछ के बाद जेल भेजा**

पुलिस ने संभल में बवाल में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें से दोनों आरोपी बवाल के दौरान घायल हो गए थे। दोनों का उपचार चल रहा था। सेहत में सुधार होने पर पुलिस ने पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है।



अभी एक और आरोपी का उपचार चल रहा है। उसकी हालत में सुधार होने पर न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल कोतवाली पुलिस ने नखासा थाना क्षेत्र के शहबाजपुरा निवासी अजीम और बड़ा बाजार निवासी हसन बवाल में शामिल थे।

बताया कि दोनों को पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर किया था। जिसके बाद से उनका अस्पताल में उपचार चल रहा था। सेहत में सुधार होने पर पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

बवाल में पांच एफआईआर संभल कोतवाली में दर्ज की गई और दो एफआईआर नखासा थाने में दर्ज हुईं। इसमें 40 नामजद और 2750 अज्ञात आरोपी बनाए गए हैं। इसमें 32 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। इन आरोपियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

# इसरो ने रच दिया इतिहास! प्रोबा-3 मिशन की हुई सफल लॉन्चिंग



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** इसरो ने आखिरकार इतिहास रच दिया है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग हो गई है। इसके पहले बुधवार को कुछ तकनीकी खामी के कारण भारतीय स्पेस एजेंसी ने लॉन्चिंग को टाल दिया था। लॉन्चिग के लिए इसरो ने ढरछश्-उ59 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। आपको बता दें कि प्रोबा-3 दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंट सैटेलाइट है। प्रोबा-3 मिशन के तहत कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर सैटेलाइट को स्पेस में भेजा गया है। ये सैटेलाइट सूर्य के बाहरी वारावरण का अध्ययन करेंगे।

# महान क्रान्तिकारी और महान योगी संत श्री अरविन्द घोष

– डॉ जया शुक्ला

**दिल्ली।** आज श्री अरविंद घोष जी के परिनिर्वाण दिवस पर कोटि कोटि नमन। 15 अगस्त, 1872 को कलकत्ता में इन विलक्षण बालक का जन्म हुआ। विलक्षण तो हर महापुरुष और देशभक्त सेनानी है, किन्तु मैं यहाँ यह शब्द इसलिये इस्तेमाल कर रही हूँ, क्योंकि यह न केवल बहुत ही महान क्रान्तिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे, प्रबुद्ध विचारक और लेखक थे, किन्तु यह बहुत बड़े योगी और संत भी बने। आध्यात्मिक उन्नति की परम सीमा भी इन्होंने लाँघ ली, और वास्तविक अर्थों में परमहंस बने। किन्तु यह स्वान्तः सुखाय में न रह कर सभी में लगातार ज्ञान बाँटते रहे, जिसमें इनके द्वारा पौंडिचेरी में स्थापित अरविंद आश्रम में माँ इनकी शिष्या-सहयोगिनी बनीं। उन्होंने स्वयं भी परमहंस की स्थिति प्राप्त की, तथा आज भी जिज्ञासु शिष्यों को आवश्यकता पड़ने पर वहाँ इनके निर्देश मिल जाना बताते हैं। जिसप्रकार समाज की यह लगातार मदद और सुधार अपने पूर्ववर्ती जीवन में करते रहे, वैसे ही अपने आध्यात्मिक जीवन में भी की। इनकी शिक्षा कलकत्ता के कौन्वेंट से लेकर कैंब्रिज तक हुई। उस समय के कलकत्ता में अन्य विद्यार्थियों के समान इनके हृदय में भी अंग्रेजी शासन के विरुद्ध गहरी विद्रोह की भावना जागृत हो चुकी थीं। इन्होंने राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने और अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह पनपाने के लिये पत्र-पत्रिकाओं में लेख लिखे जिनका असर काफी फैला। इस बीच साथ ही यह ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध अपनी छिपी गतिविधियाँ भी चलाते रहे । इनके लेखों के असर से चिंतित सरकारने इनको साक्ष्यों के अभाव के बावजूद अलीपुर बम कांडह्व के बहाने जेल भेज दिया। जेल में इन्हें योग पर चिंतन करने का समय मिला। इन्होंने 1907 में राष्ट्रीयता के साथ भारत को भारतमाता के रूप में वर्णित और प्रतिष्ठित किया। बंगाल में श्री अरविंद ने क्रांतिकारी दल का गठन करके उसकी कई शाखाएँ खोलीं, तथा स्वयं उसके प्रधान संचालक बने रहे इस दल की सफलता इसीसे आँकी जा सकती है कि कनाईलाल दत्त एवं खुदीराम बोस इसी संगठन के क्रांतिकारी थे। इन गतिविधियों के कारण श्री अरविन्द अधिक दिनों तक अंग्रेजों की आँखों से छिपे नहीं रह पाये। राजनीतिक गतिविधियों एवं क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें 1908 में पुनः गिरफ़्तार कर लिया गया। श्री अरविन्द घोष प्रत्यक्ष राजनीति में केवल 1906 से 1909 तक ही रह पाये। किन्तु मात्र इन तीन वर्षोंमें ही वह देशभर के लोगों के प्रिय बनचुके थे। श्री सुभाष चंद्र बोस लिखते हैं:- जब मैं 1913 में कलकत्ता आया तो श्री अरविन्द एक किंवदन्ती पुरुष बन चुके थे। लोग जिस आनंद और उत्साह के साथ उनकी चर्चा करते थे, शायदही किसी अन्य की वैसे करते।




दे वर्षों के पश्चात श्री अरविन्द ब्रिटिश भारत से भाग कर दक्षिण भारत में गये, और फ्रांसीसी उपनिवेश पौंडिचेरी में शरण ली। वहाँ उन्होंने अपने दर्शन को विकसित करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने आध्यात्मिक विकास के अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में एक आश्रम की स्थापना की, जिसकी ओर विश्व भर के छात्र आकर्षित हुए।

इनकी मुख्य रचनाएँ हैं:- 1) एस्सेज औन गीता (1928); 2) द लाइफ डिवाइन (1940); 3) कलेक्टेड पोएम्स ऐन्ड प्लेज (1942); 4) सिन्थेसिस औफ योगा ( 948); 5) द ह्यूमन साइक्ल (1949); 6) द आइडियल औफ ह्यूमन यूनिटी (1949); 7) अ लीजेन्ड ऐन्ड अ सिम्ब्ल (1950); 8) औन द वेदा (1956) (शरीरान्त पश्चात प्रकाशित)। इनके अतिरिक्त दार्शनिक चिन्तन के लेख, कविताएँ, नाटक, और अन्य लेख।

# 21 इंटरनेशल अवॉर्ड्स जीत चुकी 'द रैबिट हाउस' का ट्रेलर वायरल, 20 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

**दिल्ली।** वैभव कुलकर्णी के निर्देशन में बनी फिल्म द रैबिट हाउस का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ और उसके बाद से ही चर्चा का विषय बना हुआ है. फिल्म पहले ही 21 इंटरनेशनल अवॉर्ड्स जीत चुकी है और खूब वाहवाही भी. फिल्म की कहानी के साथ ही इसके शानदार विजुअल्स और म्यूजिक की भी चर्चा हो रही है हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण परिवेश में स्थापित, 'द रैबिट हाउस' एक काव्यात्मक और गहन रहस्य प्रस्तुत करती है, जो दुनिया भर के दर्शकों और आलोचकों को आकर्षित कर चुकी है. ट्रेलर लॉन्च इवेंट एक उत्साही अवसर था, जहां उद्योग और मीडिया के मेहमानों ने दृश्य और कहानी के शानदार संयोजन की सराहना की, जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया था। यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज होने वाली है और यह कृष्ण पंढारे की प्रोडक्शन में पहली फिल्म है, जो वित्तीय उद्योग के अनुभवी पेशेवर हैं और 25 वर्षों से म्यूचुअल फंड व्यवसाय में कार्यरत हैं. इस नई पहल पर अपने विचार साझा करते हुए पंढारे ने कहा, "सिनेमा हमेशा से मेरी रुचि का विषय रहा है, और 'द रैबिट हाउस' के साथ, मैं एक ऐसी कहानी लाना चाहता था जो भारतीय संस्कृति में गहरी हो और साथ ही सार्वभौमिक रूप से संबंधित हो. यह फिल्म मेरे लिए एक सपना साकार होने जैसा है। फिल्म की निमार्ता सुनीता पंढारे को भी फिल्म बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सराहा गया. सेट्स पर अपनी गर्मजोशी और मार्गदर्शन के लिए जानी जाने वाली सुनीता ने कहा, "यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है, और ट्रेलर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखकर मैं अभिभूत हूं. मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतने ही गर्मजोशी से स्वीकार करेंगे जैसे हमारी टीम ने इसे किया है। फिल्म में पद्मनाभ गायकवाड, अमित रिया और करिश्मा प्रमुख भूमिका में हैं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है और जिन्होंने बेहतरीन कहानी को जीवंत किया है. कार्यक्रम में बोलते हुए, कास्ट ने फिल्म के रिलीज को लेकर अपनी खुशी और इस ऐतिहासिक परियोजना का हिस्सा बनने के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। निर्देशक वैभव कुलकर्णी ने फिल्म के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा, "द रैबिट हाउस एक ऐसी कहानी है जिसे बताया जाना जरूरी था, और मैं उत्साहित हूं कि इसे रिलीज से पहले ही दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है. यह संस्कृति, भावना और रहस्य का मिश्रण है, और मैं इंतजार नहीं कर सकता कि दर्शक इसे सिनेमाघरों में अनुभव करें। शाम का समापन कास्ट और क्रू के साथ एक पैनल चर्चा के साथ हुआ, जिसमें फिल्म बनाने की प्रक्रिया पर जानकारी दी गई, और इसके बाद फिर से ट्रेलर की स्क्रीनिंग की गई. 'द रैबिट हाउस' भारतीय सिनेमा में थ्रिलर्स को फिर से परिभाषित करने वाली है. तैयार हो जाइए एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव के लिए, जैसा पहले कभी नहीं हुआ।



# अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश की कार्यकारिणी हुई भंग - विजय कृष्ण पाण्डेय (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष)

**नई दिल्ली।** आपातकालीन मीटिंग के कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के बाद प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय के तरफ से एक उचित एवं संगठन हित में फैसला लिया गया कुछ सदस्यों और पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं सक्रियता न होने के कारण और अपने अपने पदों के आधार पर दायित्व का सही उपयोग ना होने के कारण अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय के द्वारा दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी को रात 12 बजे से तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। और तत्काल 11 लोगो को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त करके 24 से 48 घंटे के अंदर में अपने अपने द्वारा जोड़े गए सदस्यों की पूरी रिपोर्ट जारी करने का आदेश देते हुए नई तरह से नई सोच को रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय के द्वारा एक नारा दिया गया कहो दिल से और एक बार फिर से रिवाइज इससे प्रदेश के नए कार्यकता का जोश बढ़ा और नई 11 लोग की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य टीम भी एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए उत्साहित है। अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय के फैसले का समर्थन किया और नई 11 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश के कोने कोने में परचम लहराया जाएगा और प्रदेश अध्यक्ष के नारे को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। विजय कृष्ण पांडेय जी के द्वारा कार्यकारिणी सदस्य टीम में 7 पुरुष 3 महिला और एक 1 किन्नर समाज से नियुक्त किया गया, क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष विजय कृष्ण पांडेय के द्वारा नारा दिया गया है हिन्दू का साथ हिन्दू का विकास और अखंड हिंदू राष्ट् 11 लोगो की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य टीम जो इस प्रकार है। डॉक्टर कुमार देवाशीष ओझा , सनातनी शेखर सुमन श्रीवास्तव, शिवमूरत मौर्य, अमित कुमार, रंजीत कुमार, आशुतोष अग्रहरि, वरूण बठला, रेखा पांडेय, इंदुबाला, श्रेयांशी सिंघानिया, समा किन्नर आदि लोग उपस्थित रहे। इन 11 लोगो की प्रदेश कार्यकारिणी की टीम बनाई गई, 45 दिन के अंदर अंदर पूरे प्रदेश का रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया गया।



# जनजाति अध्ययन के लिए सीएसयू ने टीआरकेसी से किया आकादमिक समझौता

**दिल्ली,अजय कुमार मिश्रा संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ ,सीएसयू, दिल्ली।**

**दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा ट्राइबल रीसर्च एंड नौलेज सेन्टर( टीआरकेसी) , दिल्ली के बीच एक आकादमिक समझौता ( एमओयू) कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी की अध्यक्षता में की गयी । कुलपति ने कहा है कि जनजाति अध्ययन के लिए सीएसयू के साथ टीआरकेसी का आकादमिक समझौता का अच्छा परिणाम निकल सकेगा जिसका लक्ष्य संस्कृत को केन्द्र में रख कर टीआरकेसी के साथ भारतीय जनजाति समाज की परम्परा , उनकी अस्मिता तथा संस्कृति को भारत के मौलिक चिन्तनों के परिप्रेक्ष्य में समझना और उस पर कार्य करना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह आकादमिक समझौता सीएसयू के अगरतला परिसर में खोला जाएगा क्योंकि सामान्यतः यह देखा जा रहा है कि सीएसयू के इस त्रिपुरा परिसर में अधिकांश छात्र छात्राएं स्थानीय होते हैं और संस्कृत के प्रति उनका लगाव भी है। अतः इसके अन्तर्गत टीआरकेसी सीएसयू को समीचीन पाठ्यक्रम बनाने में भी सहभागिता करेगा । यह कार्य अधिक से अधिक प्रकाश में आ सके इसके लिए दोनों संस्था आपस में मिल कर पुस्तक प्रकाशन , संगोष्ठी तथा शैक्षणिक यात्राओं की भी व्यवस्था रहेगी । प्रो वरखेड़ी ने आगे यह भी कहा कि इस आकादमिक समझौता को सही अर्थों में साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि इससे जुड़े कार्यक्रम में प्राचीन काल से ही संस्कृति और कला की दृष्टि से सुसंपन्न जनजाति समाज के मनोविज्ञान को संवेदनात्मक दृष्टि से समझने का प्रयास किया जाना चाहिए। उनका मानना था कि वस्तुतः संस्कृत के यह समाज भी आरण्यक की तरह है जो आदि काल से ही वन के निवासी रहें हैं । लेकिन ऑपनिवेशिक दवाब में इन्हें विस्मृत करने का भरसक प्रयास किया गया । देश की सांस्कृतिक जागरण के लिए इस दिशा में कार्य करना बहुत ही आवश्यक है । प्रो वरखेडी ने यह भी कहा कि गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्हें जनजाति समाज में रहने और समझने का अवसर मिला और मैं यह समझता हूं इस क्षेत्र में अभी बहुत ही अधिक शोध कार्य करने की आवश्यकता है।



# गुरुद्वारा बाला साहिब में माता साहिब कौर यात्री निवास संगत को समर्पित



नई दिल्ली, दिसंबर : दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा बाला साहिब में माता साहिब कौर यात्री निवास संगत को समर्पित की गई। इस सेवा का कार्य तरलोचन सिंह वीरजी झाडू वाले जत्थे द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका, सरदार जगदीप सिंह काहलों और गुरुद्वारा साहिब के चेयरमैन तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि गुरु घर में जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब की गुरबाणी का प्रचार और प्रसार होता है, वहीं निशान साहिब का मतलब यह होता है कि यह मानवता और गुरु साहिब का घर है, जहां हर जरूरतमंद की आवश्यकता पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भूखा है तो उसे भोजन मिलेगा, यदि कोई बीमार है तो उसे इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी, और यदि कोई यात्री है तो उसे ठहरने के लिए निवास स्थान मिलेगा। इसी सोच के तहत दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सभी गुरु घरों में विश्राम स्थलों यानी सरायों का निर्माण किया जा रहा है। गुरुद्वारा बाला साहिब में इस स्थान पर माता सुंदर कौर जी और गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के अंगीठे हैं। इस जगह पर यात्रियों के निवास की बहुत आवश्यकता थी। यह सेवा झाडू वाली संस्था के जत्थेदार तरलोचन सिंह को सौंपी गई थी, जिन्होंने संगत के सहयोग से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। अब इस सेवा के पूर्ण होने के बाद, यह श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हाजिरी में संगत के लिए समर्पित की जा रही है। उन्होंने सेवा निभाने वालों का दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सेवा निस्संदेह बहुत लाभकारी साबित होगी।

# मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

## कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम राजस्थान के लिए साबित होगा वरदान - मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा



### >> जनभागीदारी से राजस्थान में होगा 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण

**नई दिल्ली 5 दिसंबर 2024।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जल संचय के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रवासी बंधुओं की जनभागीदारी के माध्यम से मातृभूमि के विकास में योगदान के रूप में राजस्थान राज्य में भूजल स्तर में बढ़ोतरी के लिए 45 हजार ट्यूबवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण होगा। यह अभियान प्रदेश में वाटर रिचार्ज के क्षेत्र में वरदान साबित होगा। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं बिहार के प्रवासी बंधुओं द्वारा भूजल पुनर्भरण हेतु आधुनिक रिचार्ज शाफ्ट्स का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी एवं जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री की केन्द्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया से मुलाकात मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में युवाओं के रोजगार व कौशल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों एवं अन्य जनकल्याणकारी विषयों पर सार्थक चर्चा की।

# ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज लॉन्ग लिस्ट की घोषणा

नई दिल्ली, दिसम्बर : प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कारों के 10वें एडिशन के तहत लॉन्गलिस्ट की कल द पार्क, नई दिल्ली में घोषणा की गई। लॉन्गलिस्ट के लिए अलग-अलग विधाओं की पुस्तकों के 26 उत्कृष्ट बुक कवर चुने गए हैं। जानी-मानी म्युजियम क्यूरेटर और जूरी चेयर डा. अलका पांडे, लेखक एवं सांसद डा. शशि थरूर तथा गेस्ट जूरी एवं इंस्टॉलेशन आर्टिस्ट, मेन्टॉर और टेड स्पीकर समर जोधा, तथा डायरेक्टर इंफॉरमेशन सर्विसेज साऊथ एशिया गोएथे-इंस्टीच्यूट, मैक्स म्युलर भवन, अंजा रीडबर्गर ने पुरस्कार की इस बहुप्रतीक्षित लॉन्गजिस्ट की घोषणा की। इस मौके पर देशभर के अनेक प्रकाशकों के अलावा डिजाइनर, लेखक तथा साहित्य में अभिरुचि रखने वाले कई लोग भी मौजूद थे।

लॉन्गलिस्ट के चयन के लिए गठित प्रतिष्ठित जूरी में प्रीति पॉल, शोभा डे, डा. कुणाल बसु, डा. शशि थरूर, डा. अलका पांडे के अलावा गेस्ट जूरी के तौर पर समर जोधा और अंजा रीडबर्गर शामिल थे। अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी इन हस्तियों ने इस एडिशन के लिए प्राप्त 200 से अधिक प्रविष्टियों को अपने विविध परिप्रेक्ष्यों और अनुभवों की कसौटियों पर परखा। इस वर्ष लॉन्गलिस्ट के लिए मिली प्रविष्टियों से भारत के ग्राफिक डिजाइनरों की अविश्वसनीय प्रतिभा और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है, जिन्होंने आकर्षक बुक जैकेटों को डिजाइन कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।

# धर्म और राजनीति के बीच प्रेम का रास्ता दिखाने वाली प्रेरणादायक फिल्म, कलयुग के अंत और सतयुग की शुरुआत का आह्वान करती महायोगी



जानकारी देती फिल्म की स्टार कास्ट।

नई दिल्ली, दिसम्बर : ईश्वर ने मानव जाति को प्रेम और सौहार्द से बनाया, लेकिन आज धर्म और राजनीति के नाम पर इंसान एक-दूसरे का दुश्मन बन बैठा है। जातिवाद, रंगभेद, नस्लभेद और धार्मिक उन्माद ने दुनिया को अशांत कर दिया है। लाखों लोग बेघर हैं, करोड़ों बच्चे भूखे सोते हैं, और हर तरफ युद्ध, हिंसा और विनाश का मंजर है। पड़ोसी देश एक-दूसरे से लड़ने को तैयार हैं, और प्रकृति के साथ हो रही छेड़छाड़ ने भूकंप, बाढ़ और महामारी जैसी आपदाओं को बढ़ावा दिया है। ऐसे समय में फिल्म महायोगी हाईवे 1 टू वननेस दर्शकों को आत्ममंथन करने और मानवता के प्रति जागरूक होने का संदेश देती है। निमार्ता-निर्देशक राजन लूथरा ने इस फिल्म के माध्यम से ईश्वर का संदेश दिया है कि अब बदलाव का समय है। महायोगी हमें याद दिलाते हैं कि इंसान ईश्वर का ही स्वरूप है और प्रेम, शांति और वैश्विक एकता के रास्ते पर चलने से ही कलयुग का अंत और सतयुग की शुरुआत होगी। यह हॉलीवुड फिल्म अमरीका के सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजेल्स और भारत के हरिद्वार व केदारनाथ की खूबसूरत लोकेशनों पर शूट की गई है। इसे अमेरिकी प्रोडक्शन हाउस त्रिलोच फिल्म्स इंच द्वारा बनाया गया है। फिल्म में न केवल दर्शकों के लिए प्रेरणा है । फिल्म 13 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

# सदन के नियम एवं प्रक्रियाओं का पालन करें सदस्य, बिल्ले लगाकर न आएंः बिरला



**दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदस्यों से नियम एवं प्रक्रियाओं का पालन करने और सदन में बिल्ले आदि लगाकर नहीं आने का आग्रह किया। उनकी इस अपील को कांग्रेस के कुछ सदस्यों द्वारा काले रंग की जैकेट पहनकर सदन में आने की पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है जिसके पीछे मोदी अदाणी एक हैं, अदाणी सेफ हैं लिखा हुआ था। इससे पहले कांग्रेस समेत इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सदस्यों ने संसद के मकर द्वार के पास इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष बिरला ने कहा, मैं आप सभी से संसद की मयार्दा, गरिमा और प्रक्रियाओं का पालन करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-349 के तहत कोई भी सदस्य सभा में लैपल पिन अथवा बिल्ला (राष्ट्रीय ध्वज के सिवाय) लगाकर नहीं आएंगे और प्रदर्शित नहीं करेंगे। बिरला ने कहा, ह्यह्यमेरा आपसे आग्रह है कि संसद के नियम प्रक्रियाओं का पालन करें। आप वरिष्ठ सदस्य हैं। हम नियमों का पालन नहीं करेंगे तो सदन की गरिमा गिरेगी। ऐसा होगा तो हर कोई अलग-अलग तरह के बिल्ले लगाकर आएगा।

# श्री आनंदपुर साहिब से श्री चमकौर साहिब तक नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रैसवे गुरु गोबिंद सिंह एक्सप्रैसवे के निर्माण की मांग

■ नितिन गडकरी द्वारा तीनों परियोजनाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी

नई दिल्ली, दिसम्बर : पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा भी उपस्थित थे। इस मुलाकात के दौरान स बैंस ने केंद्रीय मंत्री को श्री आनंदपुर साहिब की ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्वता के बारे में अवगत कराया और इस क्षेत्र की सड़कों की आवश्यकताओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि श्री कीरतपुर साहिब, श्री आनंदपुर साहिब और शक्ति पीठ श्री नैना देवी को जोड़ने वाली सड़कों को शीघ्रता से चार-लेन बनाने की आवश्यकता है, ताकि इन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पहले ही तैयार की जा चुकी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हरजोत सिंह बैंस द्वारा बीते समय में केंद्र सरकार को पत्र लिखे जा चुके हैं। बैंस ने कहा कि सब से पहले श्री कीरतपुर साहिब से ऊना जिले के हिमाचल बॉर्डर महितपुर तक सड़क को चार-लेन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मांझा, दोआबा और मालवा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री आनंदपुर साहिब और नैना देवी की यात्रा के लिए बंगा-श्री आनंदपुर साहिब मार्ग का उपयोग करते हैं। यह मार्ग लिंक रोड है, जिस पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देकर चार-लेन बनाने की मांग की। स बैंस ने केंद्रीय मंत्री को विनती की कि पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना से हिमाचल को जोड़ने के लिए श्री आनंदपुर साहिब से श्री चमकौर साहिब तक एक नया लंबा एक्सप्रेसवे बनाया जाए। बैंस ने सुझाव दिया कि श्री आनंदपुर साहिब से श्री चमकौर साहिब तक 50 किलोमीटर लंबा नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाए, जिसे गुरु गोबिंद सिंह एक्सप्रेसवे नाम दिया जाए। उन्होंने बताया कि यह एक्सप्रेसवे रोपड़-लुधियाना हाईवे और कीरतपुर-मनाली हाईवे को आपस में जोड़ेगा, जिससे औद्योगिक शहर लुधियाना और हिमाचल के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने श्री कीरतपुर साहिब से हिमाचल बॉर्डर महितपुर तक सड़क को चार-लेन बनाने, बंगा से श्री आनंदपुर साहिब तक सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देकर चौड़ा करने और श्री आनंदपुर साहिब से श्री चमकौर साहिब तक नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे गुरु गोबिंद सिंह एक्सप्रेसवे के निर्माण के प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन परियोजनाओं पर जल्द से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने नगालैंड के लोगों को हार्नबिल महोत्सव की बधाई दी



**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नगालैंड के लोगों को हॉर्नबिल महोत्सव की बधाई दी और देशवासियों से आग्रह किया कि वे इसके जरिए नगा संस्कृति की जीवंतता का अनुभव करें। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हॉर्नबिल महोत्सव के लिए मेरी शुभकामनाएं और नगालैंड के लोगों को इस जीवंत त्योहार के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई। मुझे इस वर्ष के महोत्सव के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन और टिकाऊपन पर ध्यान केंद्रित करने की भी खुशी है। उन्होंने कहा, कुछ वर्ष पहले इस महोत्सव की अपनी यात्रा से मेरी यादें जुड़ी हैं और मैं दूसरों से आग्रह करता हूं कि वे इसे देखें और नगा संस्कृति की जीवंतता का अनुभव करें। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के एक पोस्ट पर की, जिसमें उन्होंने हार्नबिल महोत्सव में भाग लेने की जानकारी साझा की थी। रियो ने एक्स पर कहा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ किगवेमा गांव में हॉर्नबिल महोत्सव के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया। यह शुभ समारोह एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम को चिह्नित करने के साथ ही प्रगति और एकता का प्रतीक भी है। हॉर्नबिल महोत्सव नगालैंड का 10 दिनों का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव है। आम तौर पर, नगालैंड के राज्य दिवस के उपलक्ष्य में एक दिसंबर से 10 दिसंबर तक उत्सव का आयोजन किया जाता है। यह महोत्सव पहली बार वर्ष 2000 में आयोजित किया गया था।

CMYK

# अनियंत्रित मैक्स ने टेंपो में मारी टक्कर, छात्रा की मौत, दो घायल

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर/ सैद नंगली।** गुरुवार को हसनपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा उझारी में एक अनियंत्रित मैक्स ने टेंपो में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें टेंपो में सवार एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, बताते चलें कि गुरुवार को कस्बा उझारी के मोहल्ला गड़ी निवासी बी ए फर्स्ट ईयर की छात्रा आरती पुत्री चंद्रपाल उझारी से टेंपो में सवार होकर हसनपुर के लिए अपने विद्यालय को आ रही थी, तथा टेंपो में अन्य सवारियां भी थी, इस बीच उझारी से पेट्रोल पंप से निकलते ही हसनपुर रोड पर संभल दिशा से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार मैक्स में टेंपो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई तथा टेंपो सवार गजरौला निवासी यात्री उबैदुल पुत्र मुफीद एवं कस्बा उझारी बस स्टैंड निवासी मेहताब जहां पत्नी शादाब घायल हो गए, सूचना पर पहुंची थाना सैद नंगली पुलिस ने घायलों को हसनपुर के सी एच सी में भर्ती कराया तथा मृतका छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, उधर मौके का फायदा उठाते हुए मैक्स चालक मैक्स को लेकर भाग गया, इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य स्रोतों की मदद से फरार मैक्स एवं मैक्स चालक की तलाश की जा रही है, एवं परिवार द्वारा तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, उधर मृतका आरती की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# लेखपाल को रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, लेखपाल ने कहा फर्जी फसाया जा रहा है

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** गुरुवार को मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया तथा एंटी करप्शन टीम ने हसनपुर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराकर अग्रिम कार्यवाही की है, बताते चलें कि शिकायतकर्ता नवाब अली निवासी ग्राम धीमर खेड़ी थाना हसनपुर द्वारा एंटी करप्शन टीम को लेखपाल नाजिम निवासी मोहल्ला कायस्थान ईदगाह रोड के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी कि लेखपाल नाजिम जमीन की पैमाइश करने व चक रोड से कब्जा हटाने की एवज में 15000 रुपए की रिश्वत मांग रहा है, जिसको लेकर एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को 15000 रुपए केमिकल लगाकर दिए तथा लेखपाल को बुलाकर शिकायत करता ने अगरौला कला गांव के एक जन सेवा केंद्र के कमरे के बाहर बने बरामदे में रुपए दिए वहीं पहले से बैठे एंटी करप्शन टीम के लोगों ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया तथा पड़कर हसनपुर थाने में ले आई उधर सूचना मिलने पर दर्जनों की संख्या में लेखपाल हसनपुर कोतवाली में एकत्र हो गए, काफी समय तक लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम व शिकायतकर्ता पर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया लेकिन मीडिया के पहुंचने के बाद मामला बिखरता देख एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल नाजिम अली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई की, वहीं आरोपी लेखपाल नाजिम को जब एंटी करप्शन टीम मेडिकल कराने के लिए ले जा रही थी तो साथी लेखपालों की एंटी करप्शन टीम के लोगों से नोकझोंक हुई इस संबंध में लेखपाल संघ के अध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि लेखपाल नाजिम अली पर लगे सभी आरोप निराधार हैं और एंटी करप्शन टीम जबरदस्ती झूठ फंसा रही है उन्होंने बताया कि हमारा संगठन पीड़ित लेखपाल के साथ है और मानहानि का भी



मुकदमा एंटी करप्शन टीम के विरुद्ध हमारे संगठन द्वारा किया जाएगा, वही इस संबंध में भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद मंडल के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि लेखपाल नाजिम अली को 15000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है, तथा अभियुक्त नाजिम लेखपाल के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई जारी है वही खबर लिखे जाने तक कोतवाली में लेखपाल को छुड़ाने के लिए दर्जनों की संख्या में लेखपाल डटे रहे।

# एलडीए ने पारा क्षेत्र में चलाया अभियान, 01 अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व 12 रो-हाउस भवन सील

लोकतंत्र की शान/देवेंद्र शर्मा




**लखनऊ।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाया गया अभियान प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने पारा क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से किये जा रहे 01 व्यावसायिक निर्माण व 12 रो-हाउस भवनों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने कार्यवाही को दिया अंजाम शारदा पाण्डेय व अन्य द्वारा मोहान रोड पर 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का किया जा रहा था निर्माण साथ ही सलेमपुर पतौरा में लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 12 रो-हाउस भवनों का निर्माण पूर्व में करवाया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त अवैध निमार्णों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता एस0के0 सिंह व राम चौहान द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से उक्त अवैध निमार्णों को किया गया सील।

# फुलाते समय फटा गुब्बारा, गले में जा फंसा... सांसों के लिए तड़पकर मासूम की मौत; बिलख उठे घरवाले

लोकतंत्र की शान /देवेंद्र शर्मा



**लखनऊ।** ठाकुरगंज में घर के बाहर खेल रहे मासूम के हाथ से गुब्बारा फटकर गले में फंस गया। इससे मासूम को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। बच्चे को बेचैन देखकर परिजन निजी अस्पताल ले गए। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ठाकुरगंज दौलतगंज के काशी विहार फूलमती मंदिर के पास रहने वाले कैटर्स विनय गुप्ता का ढाई साल का बेटा शिवांश गुप्ता बुधवार दोपहर को घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच उसे कहीं से गुब्बारा मिल गया। गुब्बारा खेलते समय फट गया और गले में जाकर फंस गया। वह बेचैन होकर जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। परिजन उसे लेकर पहले नजदीक के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए बिना इलाज किए ही केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने पंचनामा करवाकर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। विनय का एक और चार माह का बेटा है।

# भाकियू लोक शक्ति ने विभिन्न मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी कार्यालय पर उप जिलाधिकारी श्रीमती सुनीता सिंह को दिया ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक शहर से लेकर गांव तक फैला हुआ है अतः बंदरों को पकड़वाकर कहीं और छुड़वाया जाए, वही झकड़ी अड्डे से बेगपुर मुंडा तक सड़क जगह-जगह टूटी हुई है नहर की पुलिया भी बनी है लेकिन अभी तक मरम्मत के नाम पर कोई भी कार्य नहीं हुआ है अतः जल्द से जल्द टूटी हुई सड़क को सही कराया जाए, साथ ही सहकारी समितियो पर कर्मियों की हटधर्मिता के कारण एनपीके खाद नहीं मिलने के कारण किसानों की गेहूं की बुवाई लेट हो रही है, उधर हाल ही में आवारा सांड ने एक किसान को मौत के घाट उतार दिया जिसको उचित मुआवजा दिया जाए, साथ ही आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला में भिजवाया जाए एवं गन्ने का पेराई सत्र शुरू होने के एक महीने बाद भी गन्ने का रेट घोषित नहीं हुआ है अतः गन्ने का रेट 500 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया जाए, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से हाजी हसीन अहमद गफारी, मुनिदेव सिंह, अनिल पायला, उस्मान चौधरी, नाजीर अली, राजपाल सिंह, आबिद अली, मीर हसन, ब्रह्मपाल सिंह, कैलाश सिंह आदि दर्जनों किसान संगठन के लोग मौजूद रहे।

# फडणवीस के नेतृत्व में सुशासन के पथ पर बढ़ते हुए प्रगति करेगा महाराष्ट्रः सीएम योगी

**लखनऊ, 5 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे-अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई एवं शुभकामनाएं!

समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा महाराष्ट्र

मुख्यमंत्री योगी ने लिखा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके (फडणवीस) कुशल नेतृत्व में 'विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र' की संकल्पना की सिद्धि के साथ ही राज्य सुशासन के सुपथ पर अविराम बढ़ते हुए प्रगति और समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा।

सीएम योगी ने शिंदे व पवार के स्वर्णिम कार्यकाल की दी शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोस्ट कर एकनाथ शिंदे व अजीत पवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और स्वर्णिम कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं भी दीं।

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शपथ ग्रहण समारोह में गुरुवार को शामिल हुए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र चुनाव में ताबड़तोड़ रैली की थी। वे यहां चार दिन चुनाव प्रचार में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था, इसमें से 22 सीटों पर महायुति गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिली।

## देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सबः योगी

# जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**अयोध्या, 5 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामर्थ्य के अनुसार देश व धर्म के लिए कुछ करने के साथ ही समाज और हर एक को जोड़ने की आवश्यकता है। देश है तो धर्म है, धर्म है तो हम सब हैं। हमारा ध्येय सनातन धर्म की रक्षा और भारत को विकास के परम वैभव तक पहुंचाने का होना चाहिए। सीएम ने जाति के नाम पर बांटने वालों से बचने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को जानकी महल में आयोजित श्रीरामजानकी विवाह उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का भव्य आयोजन आज जनकपुर धाम में भी हो रहा है। छह वर्ष पूर्व भारत व यूपी सरकार के योजनान्तर्गत विवाह पंचमी पर जनकपुर धाम में जाने और मां जानकी के भव्य मंदिर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज जानकी महल में विवाह पंचमी



कार्यक्रम में फिर से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा जानकी महल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहाकि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान इसे नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यह महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु था। मेरे पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज रामजन्मभूमि आंदोलन से संबंधित किसी महत्वपूर्ण बैठक या आंदोलन के लिए आते थे तो अक्सर वे रात्रि विश्राम जानकी महल में ही करते थे। यह अनेक पूज्य संतों व आयोजनों का केंद्र बिंदु रहा है।

22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी पूर्वजों के प्रति ज्ञापित कर रहा था कृतज्ञता

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहा। जब 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से अयोध्या धाम में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम लला के रूप में विराजमान हो चुके हैं। भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में कोई भी ऐसा सनातन धर्मावलंबी नहीं था, जो उस क्षण से वंचित हुआ हो। कोई यहां उपस्थित हुआ तो किसी ने श्रव्य-दृश्य माध्यम से उस पल को देखा-सुना। 500 वर्ष तक चले संघर्षों का सामना करते-करते कई पीढ़ियां चली गईं, लेकिन यह सौभाग्य हमारे भाग्य में था कि फिर से भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान होते हमने देखा है। 22 जनवरी को हर सनातन धर्मावलंबी उत्साहित और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा था।

# डेढ़ लाख पौधों से महाकुम्भनगर बन रहा स्पेशल हाईडेंसिटी ऑक्सीजन फॉरेस्ट

## महाकुम्भ में एंट्री करते ही श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे 50 हजार खूबसूरत पौधे

**महाकुम्भनगर, 05 दिसम्बर :** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार स्पेशल हाईडेंसिटी ऑक्सीजन फॉरेस्ट का आनंद मिलने जा रहा है। डेढ़ लाख पौधों से महाकुम्भनगर को इस तरह संवारा जा रहा है, जिससे देश विदेश से यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त प्राणवायु तो मिले ही, साथ ही प्रकृति की खूबसूरती देखकर इस बार का महाकुम्भ यादगार बन जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भनगर के प्रमुख चौराहों के साथ साथ यहां आने वाले प्रमुख राजमार्गों को भी प्राकृतिक रूप से सजाने संवारने का काम चल रहा है।

**10 दिसंबर तक पूरा होगा पौधारोपण का 100% कार्य**

डीएफओ प्रयागराज अरविंद कुमार यादव बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार के महाकुम्भ को दिव्य, नव्य और भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। इसके तहत कुल 149,620 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसमें 137,964 पौधे अभी तक लगाए भी जा चुके हैं। 10 दिसंबर तक महाकुम्भ में पौधारोपण का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाएगा। सबसे खास बात तो यह है कि महाकुम्भ में एंट्री करते ही श्रद्धालुओं का स्वागत 50 हजार खूबसूरत पौधे करेंगे। जिनकी सुंदरता देखकर देशी विदेशी पर्यटक खासे उत्साहित नजर आएंगे। हरित महाकुम्भ को तैयार करने में वन विभाग की टीम युद्धस्तर की तैयारी कर रही है। पूरे महाकुम्भनगर में हर सड़क हर चौराहे पर खूबसूरत पौधे लगाने का काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले ही महाकुम्भनगर पूरी तरह से हरा भरा नजर आएगा।

**प्रवेश और निकास मार्गों को पौधों से सजाया जा रहा**

प्रयागराज में वन विभाग के आईटी हेड आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाकुम्भनगर के अंदर तथा शहर को जोड़ने वाले प्रवेश और निकास मार्गों को शोभाकर पौधों से सजाया जा रहा है। यहां थीमैटिक रोपण कर 50 हजार सीमेंट गार्ड, 10 हजार गोल आयरन ट्री गार्ड, 2500 चौकोर आयरन गार्ड सहित तमाम कार्य किए जा रहे हैं।



सरस्वती हाईटेक सिटी के 20 हेक्टेयर में ऑक्सीजन बैंक और नगर वन का आनंद

सरस्वती हाईटेक सिटी में एक हाईडेंसिटी ऑक्सीजन फॉरेस्ट विकसित किया जा रहा है। यह ऑक्सीजन बैंक और नगर वन के रूप में कार्य करेगा। सरस्वती हाइटेक सिटी के अंतर्गत 20 हेक्टेयर में 87120 पौधे लगाए जा रहे हैं, जो देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**18 मार्गों पर 190 किलोमीटर के दायरे में सजाए जा रहे पौधे**

योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भनगर में 18 मार्गों पर 190 किलोमीटर के दायरे में करीब 50 हजार पौधे लगाए जाने का काम चल रहा है। महाकुम्भनगर के शहरी क्षेत्र में 2500 पौधे लगाए जा चुके हैं। 50 हजार पौधे प्रमुख रूप से प्रयागराज-अयोध्या मार्ग, प्रयागराज-वाराणसी मार्ग के साथ ही लखनऊ, मिजार्पुर, रीवा और बांदा समेत 18 मार्गों पर लगाने का काम चल रहा है।

# सीएम ने फिर चेताया, बांटने वाले काटने और कटवाने का कर रहे इंतजाम

## मुख्यमंत्री ने रामकथा पार्क में किया 43 वें रामायण मेला का शुभारंभ




**अयोध्या, 5 दिसंबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। ?हां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है।

**हमने जोड़ने को महत्व दिया होता तो तोड़ने वालों की रणनीति सफल नहीं होती**

सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया। जोड़ने के कार्य को हमने महत्व दिया होता और सामाजिक विद्वेष-समाज को तोड़ने की दुश्मनों की रणनीति को सफल नहीं होने देते तो देश कभी गुलाम नहीं होता और न ही तीर्थ अपवित्र होते। मुठ्ठी भर आक्रांताओं को भारत के वीर योद्धा रौंद डालते, लेकिन आपसी एकता में बाधा पैदा करने वाले सफल रहे। उन्हीं के जींस आज भी जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं।

**दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या**

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था।

# मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

**अयोध्या, 5 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? रामकथा पार्क पहुंचे, यहां उन्होंने 43वें रामायण मेले का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री यहां से हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां संकटमोचन हनुमानजी के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामलला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री 20 नवम्बर को सुग्रीव किला द्वार के लोकार्पण एवं संत सम्मेलन के कार्यक्रम में अयोध्या आए थे।

**रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी**

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हो रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



CMYK

# दून इंटरनेशनल स्कूल करनाल में इंटरस्कूल ग्रुप डांस कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया






**करनाल। पर्विंदर कौर**

**करनाल।** आज दून इंटरनेशनल स्कूल, कैथल रोड करनाल में इंटरस्कूल ग्रुप डांस कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया, जिसमें करनाल शहर के प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों ने प्रतिभागिता प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर करनाल की पूर्व मेयर श्रीमती रेणु बाला गुप्ता व पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, पूर्व प्रिंसिपल कमलेश अरोड़ा व बड़ी संख्या में सीबीएसई स्कूलों से आए अध्यापकगण व प्रतिभागी विद्यार्थी बच्चों ने भाग लिया। उक्त रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत की और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतिष्ठित इंटर स्कूल ग्रुप डांस कॉम्पिटीशन में प्रथम स्थान पर जीपीएस पब्लिक स्कूल निसिंग की टीम रही, जबकि द्वितीय स्थान पर दून इंटरनेशनल स्कूल करनाल व तृतीय स्थान पर माउंट लिट्रा स्कूल करनाल की टीम रही, वही पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा व ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल करनाल की टीमों को सांत्वना पुरस्कार मिला । इस प्रतिष्ठित अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता में करनाल के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी अंतर निहित प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और इस अवसर पर बड़ी संख्या उपस्थित स्कूल विद्यार्थियों, अभिभावकों व अपने शिक्षकगण का हृदय जीतकर वाहवाही बटोरी। इस विशिष्ट समूह नृत्य प्रतियोगिता में वह करनाल के सभी जाने-माने स्कूलों की डांस टीमों में पुरस्कार प्राप्त करने की जबरदस्त होड़ रही व एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर इन सभी बच्चों ने समय बांध दिया और अपनी प्रतिभा प्रदर्शन से उपस्थित सभी को हतप्रभ कर बार-बार ताली बजाने पर मजबूर कर दिया । मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में करनाल की पूर्व महापौर रेनू बाला गुप्ता ने दून इंटरनेशनल स्कूल करनाल के हरे भरे प्रांगण, यहां ।

# समाधान शिविर की शिकायतों का निपटारा



**करनाल पर्विंदर कौर**

**हरियाणा।** सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन शिकायतों का निपटारा कर दिया गया और एक शिकायत रद्द कर दी गई है। इसी प्रकार से इंद्री उपमंडल में दो शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान कर दिया गया है। घरौंडा उपमंडल में आठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान कर दिया गया। उपमंडल नीलोखेड़ी व असंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। इस मौके पर एसडीएम अनुभव मेहता व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व संबंधी शिकायतों का निपटारा

अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने बताया कि जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज करनाल नगर निगम कार्यालय में तीन शिकायतें आई, जिनमें से दो शिकायतों का समाधान कर दिया गया और एक शिकायत अभी लंबित है। घरौं?

# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दी होडल-नूह-पटौदी-पटौदा मार्ग को फॉर लेन बनाने की मंजूरी, 616 करोड़ रुपए होंगे खर्च

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी वित्त समिति-सी की बैठक में लिया निर्णय



चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा सरकार ने 616.01 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से पलवल, नूह और गुरुग्राम में होडल-नूह-पटौदी-पटौदा मार्ग को होडल-नूह-तावड़ू-बिलासपुर मार्ग से 4-लेन बनाने को स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित स्थायी वित्त समिति-सी की बैठक में लिया गया। बैठक में पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) मंत्री रणबीर गंगवा सहित वित्त विभाग, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर), ऊर्जा विभाग और हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उक्त परियोजना मुख्यमंत्री की घोषणा का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य होडल-नूह-पटौदी-पटौदा सड़क पर माल और यात्री दोनों की आवाजाही की दक्षता बढ़ाना है। इस परियोजना से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों: दिल्ली-मथुरा-आगरा (एनएच-19), दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे (एनई-4), गुरुग्राम-नूह-राजस्थान (एनएच-248ए) और दिल्ली-जयपुर (एनएच-48) पर कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। प्रस्तावित उन्नयन से इस मार्ग पर स्थित कई गांवों को भी लाभ होगा। जिनमें बिलासपुर, पथरेरी, अडबर, बावला, भजलाका, बिवान, छारोड़ा, फतेहपुर, गोवारका, गुढ़ी, हुसैनपुर, जयसिंहपुर, झामुवास, कालिंजर, नूरपुर, पल्ला, रायपुरी, सतपुतियाका, सिलखो, सोंख, तेजपुर, उजिना, बहिन, भीमसिका, कोट, मलाई, नांगलजाट, सौंदहद, उत्तावर, शहर-नूह, होडल, तावड़ू नूह और पलवल शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को टेंडर आवंटन प्रक्रिया में बदलाव करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभाग ऑनलाइन बोली प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव लाए ताकि ऑनलाइन माध्यम से टेंडर प्राप्त करने के बाद ठेकेदारों द्वारा परियोजना को छोड़ देने या अयोग्य घोषित किए जाने के कारण विकास परियोजनाओं में होने वाली अनावश्यक देरी को दूर किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि नई प्रणाली के तहत यदि एल-1 (सबसे कम बोली लगाने वाला) किसी कारण से परियोजना को बीच में ही छोड़ देता है तो अनुबंध स्वतः एल-2 बोली लगाने वाले को दे दिया जाए, जो निर्धारित दरों पर काम को पूरा करे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि ठेकेदारों के मुद्दों के कारण कोई भी परियोजना अधूरी न रहे। जिससे बहुमूल्य समय की बचत होगी और विकास पहलों की समग्र दक्षता बढ़ेगी। इससे काम की गति में उल्लेखनीय सुधार आएगा। यह सुनिश्चित होगा कि सभी परियोजनाएं बिना अनावश्यक देरी के पूरी हों।

### घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मासिक न्यूनतम शुल्क माफ करने के लिए 274 करोड़ रुपए मंजूर

घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैठक में 02 किलोवाट तक के स्वीकृत भार और 100 यूनिट से कम मासिक खपत वाले घरों के लिए मासिक न्यूनतम शुल्क माफ करने के लिए 274 करोड़ रुपए को मंजूरी प्रदान की गई। इस फैसले से राज्यभर में लगभग 9.5 लाख परिवारों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट भाषण में मासिक न्यूनतम शुल्क माफ करने की घोषणा की थी। जिसका उद्देश्य कम खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ को कम करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनसे बिजली की न्यूनतम मासिक खपत के लिए शुल्क नहीं लिया जाए।

### पात्र परिवारों को 100 वर्ग गज का प्लॉट मिलना करें सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने हाउसिंग फॉर आल विभाग को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को 100 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत 05 लाख से अधिक व्यक्तियों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया है। सभी पात्र लाभार्थियों को जल्द ही विभिन्न चरणों में प्लॉट मिलेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र परिवार छूट न जाए, मुख्यमंत्री ने विभाग को अभिनव समाधान तलाशने के निर्देश दिए। जिन मामलों में व्यक्तिगत पंचायतों में उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां 4-5 गांवों का एक बनाया जाए और सभी पात्र लाभार्थियों के लिए प्लॉट का उचित आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 2950 करोड़ रुपए खर्च होने की उम्मीद है। जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में ग्रामीण परिवारों को आवास समाधान प्रदान करना है।

# अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की धूम हर तरफ आयोजन किया जा रहा




**करनाल पर्विंदर कौर**

**करनाल।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की धूम हर तरफ देखने को मिल रही है। गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 48 कोस के तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। गत दिवस उपलाना के पावन तीर्थ, फल्गु तीर्थ फफड़ाना, चुचु कारंडव चोरकारसा, ज्येष्टाश्रम बोड़ श्याम, कोटि तीर्थ व सूर्य तीर्थ बोड श्याम तथा सोम तीर्थ समाना बाहु पर हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल और कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विशेष भंडेरी एंड पार्टी, नरेंद्र भंडेरी एंड पार्टी, लेखराम एंड पार्टी, रामचंद्र एंड पार्टी, गौरव एंड पार्टी, निशा एंड पार्टी व पाले राम एंड पार्टी ने धार्मिक प्रस्तुतियां दी, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बता दें कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैले तीर्थों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को और भी भव्य बनाने के निर्देश दिए हैं । इसी कड़ी में निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# बेलेट बॉक्स के उपयोग से ही गुप्त वोटिंग प्रक्रिया की जाएगी पूरी : चुनाव आयोग

### पंचायत समितियों के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रिया के संबंध में निर्देश जारी

चंडीगढ़, दिसंबर : हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने राज्य में पंचायत समितियों के चेयरमैन व वायस चेयरमैन और जिला परिषदों के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के संबंध में स्पष्ट किया है कि बेलेट बॉक्स के उपयोग से ही गुप्त वोटिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि संबंधित पंचायत समिति/जिला परिषद के किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया जाता है तो चुने हुए सभी सदस्यों को पंजीकृत डाक के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी सदस्य के पंजीकृत मोबाइल टेलीफोन पर व्हाट्सएप के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से भी दी जा सकती है। इसके अलावा इसकी सूचना संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) और उपायुक्त कार्यालयों के सूचना पट्टों पर लगाई जाएगी। सूचना जारी होने के बाद कम से कम 10 दिन में बैठक बुलाई जाएगी। संबंधित प्राधिकारी द्वारा जिस पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, उसकी घोषणा की जाएगी और निर्धारित गुप्त वोटिंग स्लीप उपस्थित प्रत्येक सदस्य को जारी की जाएगी। मतदान से पहले रिटर्निंग अधिकारी व पीठासीन अधिकारी सदस्यों को वोटिंग प्रक्रिया के संबंध में समझाएंगे। वोटिंग खत्म होने के तुरंत बाद संबंधित प्राधिकारी कल सदस्यों की उपस्थिति में बैलेट बॉक्स खोलेगा और गुप्त वोटिंग स्लिप की गिनती करेगा। पंचायत समितियों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव हरियाणा पंचायती राज अधिनियम और जिला परिषदों के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के विरूद्ध धारा 123 के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। बैठक की प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी उसी दिन हरियाणा राज्य चुनाव आयोग को भेजनी होगी। संबंधित प्रचार समिति या जिला परिषद के पट्ट पर भी प्रदर्शित करनी होगी।

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूर्व सांसद व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा



पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए पूर्व सांसद संजय भाटिया व अन्य। (मोहन लाल)

पानीपत, दिसंबर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 दिसंबर के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत पूर्व सांसद संजय भाटिया और उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय के सभागार में बुधवार को विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों और एलआईसी के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की और व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा की महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता भी उपस्थित रही। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में एंट्री के लिए विभिन्न अधिकृत पास जारी किए जाएंगे। जिसके माध्यम से कार्यक्रम में एंट्री होगी। कार्यक्रम स्थल ओर 28 ब्लॉक बनाए गए हैं। मीडिया के लिए मीडिया सेंटर और मीडिया गैलरी भी स्थापित की जा रही है। उन्होंने एलआईसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों से संबंधित होल्डिंग लगाना भी सुनिश्चित करें और मुख्यालय से आने वाले उच्च अधिकारियों की लिस्ट भी जिला प्रशासन को सौंप दें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन को बेहतर बनाने के लिए एचसीएस और डीएसपी स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है ।इसके साथ-साथ विभिन्न ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक के बाद पूर्व सांसद संजय भाटिया ने एडीसी डॉ.पंकज कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभाग का अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एडीसी डॉ.पंकज यादव, सीईओ जिला परिषद नरेंद्र पाल मलिक, एसडीएम पानीपत ब्रह्म प्रकाश, एमडी शुगर मिल मनदीप कुमार,एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोर्ट ने कैंसर से ठीक...

देश में अब भी बोलने की आजादी है।'

जब हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि रिट याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है, तब याचिकाकर्त्ता ने उसे वापस लेने की अनुमति मांगी। हाईकोर्ट ने कहा, 'हम इस पर रिट याचिका पर गौर नहीं कर सकते। हजारों लोग दावा करते हैं कि वे किसी चीज से ठीक हो गए लेकिन इसका यह मतलब तो नहीं है कि आप उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे।'

## फड़नवीस भाजपा विधायक...

भाजपा की केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्य और केंद्र में 'डबल इंजन की सरकार' विकास को बढ़ावा देगी। फड़नवीस ने उन पर भरोसा जताने के लिए भाजपा विधायकों को धन्यवाद दिया और कहा कि 20 नवंबर के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की भारी जीत प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए मंत्र 'एक हैं तो सेफ हैं' के कारण हुई। इसेक बाद देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे, अजित पवार व अन्य नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## यूपी : संभल जाने से रोके...

बाद वह हमें जाने देंगे। राहुल ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, यह (संभल जाने से रोका जाना) लोकतंत्र के खिलाफ है। हम संभल जाकर देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मेरा जो संवैधानिक अधिकार है, मुझे उससे वंचित किया जा रहा है। यह संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। आंबेडकर जी के संविधान को खत्म करने वाला हिंदुस्तान है। लेकिन हम लड़ते रहेंगे। राहुल के साथ मौके पर मौजूद उनकी बहन और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी राहुल को रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संवाददाताओं से कहा, में जो हुआ, वह गलत है। राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके संवैधानिक विशेषाधिकार हैं, जो बाकी लोगों से अलग हैं। उनको रोका नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में संवैधानिक अधिकार मिले हैं। उन्हें पीड़ितों से मिलने जाने दिया जाए। वहीं गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि संभल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (निषेधाज्ञा) 31 दिसंबर तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही संभल में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक शनिवार को खत्म हो रही थी, जिसे जिलाधिकारी ने बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया।

## 'आप' विधायक...

और कहा कि यह 'विचार योग्य नहीं' है। उन्होंने यह भी कहा, 'जो भी एजैंसी चाहे कानून के मुताबिक उन्हें (बाल्यान को) गिरफ्तार कर सकती है।' जबरन वसूली के मामले में पुलिस ने अदालत से कहा कि आरोपी को अब हिरासत में लेकर पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है तथा उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

## दादर एक्सप्रैस को बम से...

2 बॉक्स मिले। दोनों बॉक्स में 30 पटाखे रखे थे। पटाखों की बोरी पर मार्कर से एक जगह का पता भी लिखा गया था। जिस पार्सल वैन में विस्फोटक आने की जानकारी मिली थी, उसे निजी कंपनी ने लीज पर लिया है।

पार्सल वैन की जांच के बाद रेलवे ने पार्सल कंपनी पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। आरपीएफ ने दोनों बॉक्स को कब्जे में ले लिया है और अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## श्रीनगर में ड्रग तस्करों की...

नशीले पदार्थों की तस्करी करता था। उस पर चनापोरा थाने में प्राथमिकी और एनडीपीएस की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## इसरो ने 'प्रोबा-3' अंतरिक्षयान...

की पहली पहल के तहत 'प्रोबा-3' में 2 उपग्रह शामिल हैं, जिसमें 2 अंतरिक्षयान एक साथ उड़ान भरेंगे और सूर्य के बाहरी वायुमंडल का अध्ययन करेंगे। इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' को यूरोपीय अंतरिक्ष एजैंसी (ईएसए) से यह 'ऑर्डर' मिला है।

## सचखंड श्री हरिमंदर...

के कर्मचारियों ने चौड़ा पर शिकंजा कसने में भूमिका निभाई।

पंजाब पुलिस के सुरक्षा कर्मियों ने चौड़ा से रिवॉल्वर छीन लिया। पुलिस ने गोली का खोल भी अपने कब्जे में ले लिया। सुरक्षा कर्मियों से गुत्थमगुत्था हुए चौड़ा की दस्तार उतर गई। सुरक्षाकर्मी उसे पकड़कर श्री दरबार साहिब की परिक्रमा स्थित एक कमरे में ले गए। बाद में चौड़ा को पुलिस कड़ी सुरक्षा में अज्ञात स्थान पर ले गई। इस दौरान सुखबीर बादल के साथ खड़ी एसजीपीसी टास्क फोर्स ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया। घटना के बाद पुलिस ने श्री दरबार साहिब के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी।

जानलेवा हमले में बाल-बाल बचे सुखबीर बादल श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार श्री हरिमंदर साहिब की पहरेदारी करते रहे। बाद में उन्होंने लंगर भवन में बर्तन साफ करने की सेवा निभाई और कीर्तन सुना। 3 घंटे की सेवा पूरी करने के बाद सुखबीर बादल कड़ी सुरक्षा में वापस चले गए। इस अवसर पर उनके साथ उनकी सांसद पत्नी हरसिमरत कौर बादल भी मौजूद थीं।

## नरैण सिंह चौड़ा : आतंकी...

(केएलएफ) का सक्रि य सदस्य रहा है। चौड़ा केएलएफ के कई सरगनाओं को हथियार सप्लाई करता था। ऑपरेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान वह श्री दरबार साहिब परिसर से भाग कर पाकिस्तान चला गया था। जहां कुछ देर रहने के बाद पाकिस्तान की कुख्यात जासूसी एजैंसी आईएसआई के गुर्गो के संपर्क में आया। भारत लौटने के बाद वह फिर आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गया था। चौड़ा जरनैल सिंह भिंडरांवाला के साथ भी जुड़ा हुआ था। चौड़ा बब्बर खालसा व अलगाववादी संगठन दल खालसा से भी जुड़ा रहा है। वह बीते कुछ वर्षो से दल खालसा द्वारा आयोजित कार्यक्र मों में भी देखा गया था। बुड़ैल जेल में सजा काट रहे पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के 4 हत्यारे चौड़ा की मदद से भाग खड़े हुए थे। चारों कैदी 94 फुट लंबी सुरंग खोदकर जेल से भाग निकले थे। हालांकि इस मामले में कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर कर दिया था। नरैण सिंह चौड़ा गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत लंबे वक्त तक जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया था। उसने अमृतसर सैंट्रल जेल में 5 साल गुजारे। चौड़ा अलगाववादी संगठन अकाल फैडरेशन से भी जुड़ा हुआ था। उसे 28 फरवरी 2013 को तरनतारन के जलालाबाद गांव से गिरफ्तार किया गया था। इसी दिन उसके साथी सुखदेव सिंह और गुरिंदर सिंह को भी पकड़ा गया था। उससे पूछताछ के आधार पर तब पुलिस ने मोहाली जिले के कुराली गांव में एक ठिकाने पर छापा मारा था। निशानदेही पर हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद करने का दावा किया था। उस पर करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

पुलिस का कहना है कि नरैण सिंह चौड़ा पर अमृतसर के सिविल लाइंस थाने में विस्फोटक अधिनियम के तहत केस भी दर्ज है। वह अमृतसर, तरनतारन और रोपड़ जिलों में गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामलों में भी आरोपी है। चौड़ा 1984 में पाकिस्तान चला गया था। उसने उग्रवाद के शुरु आती दौर में पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेपों की तस्करी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पाकिस्तान में रहते हुए उसने कथित तौर पर गुरिल्ला युद्ध और 'देशद्रोही' साहित्य पर एक किताब लिखी। चौड़ा भारत-पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित डेरा बाबा नानक के साथ सटी कंटीली तार से मात्र कुछ ही दूरी पर रहता है।

## 'बेबीसिटर से बार्बीकोर...

शब्द सामाजिक बदलावों और नवाचारों को दर्शाते हैं जैसे 'बेबीसिटर' शब्द। यह शब्द बदलते पारिवारिक भूमिकाओं को दर्शाता है, 'इवैक्यूएट' युद्धकालीन प्रभाव को दर्शाता है, 'गे' पहचान को और 'ज्यूकबॉक्स' अफ्रीकी अमरीकी संगीत के प्रभाव को प्रदर्शित करता है।

## मणिपुर : काकचिंग में...

और अवैध हथियार रखने में संलिप्त थे।' इसमें कहा गया है कि उनके पास से एम-20 पिस्तौल, मैगजीन, गोला-बारूद, 5 मोबाइल फोन, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) का मांग पत्र आदि जब्त किया गया।

# सुखबीर सिंह बादल पर हमला पंजाब में कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता को दर्शाता है : चुघ

जम्मू, दिसम्बर : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरु ण चुघ ने आज स्वर्ण मंदिर परिसर में पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर गोली चलाने की कोशिश की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह घटना पंजाब में आप सरकार के तहत कानून-व्यवस्था की पूरी तरह से ध्वस्त स्थिति को दर्शाती है। चुघ ने एक बयान में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे यह घटना राज्य में हिंसक तत्वों की अनियंत्रित गतिविधियों को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। उन्होंने सवाल किया कि अगर जेड श्रेणी की सुरक्षा वाले व्यक्ति पर हमला किया जा सकता है, तो पंजाब में एक आम आदमी किस सुरक्षा की उम्मीद कर सकता है? चुघ ने कहा कि ऐसी घटनाओं ने आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में जनता का विश्वास खत्म कर दिया है। चुघ ने जोर देकर कहा कि पंजाब जैसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में, जहां सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, आप ने सभी मोर्चों पर पंजाब के लोगों को निराश किया है। गहन एवं निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चुघ ने मांग की कि मामले को सीबीआई या एनआईए को सौंपा जाना चाहिए ताकि इसमें शामिल विघटनकारी तत्वों का पता लगाया जा सके।

# वन गार्ड 25,00 रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

चंडीगढ़, दिसंबर : विजीलैंस ब्यूरो ने वन विभाग, मानसा में तैनात वन गार्ड मनप्रीत सिंह को 2500 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कर्मचारी को शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता एक मशीनी रेहड़ा चलाकर अपनी रोजी-रोटी कमाता है। उसने सड़क किनारे पड़े लकड़ी के एक टुकड़े को देखा और अपनी मोटर रेहड़ा में लाद लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, रास्ते में उक्त वन गार्ड ने उसे लकड़ी चोरी के आरोप में जुर्माना लगाने की धमकी दी और कोई कार्रवाई न करने के बदले 5,000 रुपए रिश्वत की मांग की। आरोपी शिकायतकर्ता से 1400 रुपए की पहली किश्त ले चुका था और शेष राशि की लेते हुए पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### राशनकार्ड धारकों को मुखिया समेत सभी सदस्यों को ई केवाईसी इसी माह कराना अनिवार्य- पूर्ति निरीक्षक

**जालौन-उरई।** सभी राशनकार्ड धारकों के मुखिया समेत सभी सदस्यों को ई केवाईसी इसी माह कराना अनिवार्य है।सभी राशनकार्ड धारक उचित दर की दुकान पर कार्डधारक ई केवाईसी करा सकते हैं। केवाईसी न होने पर खाद्यान्न मिलना बंद हो सकता है यह जानकारी पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार ने दी है। पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि दिसंबर माह में राशन वितरण के साथ ही कार्डधारक एवं परिवार के सभी सदस्यों का ई केवाईसी भी होना है। इसके लिए ई पॉस मशीन में अलग से विकल्प उपलब्ध कराया गया है। ई केवाईसी की प्रक्रिया में मुखिया द्वारा अन्य सदस्यों के मुखिया के साथ संबंध एवं मोबाइल नंबर परिवर्तित करने की भी सुविधा रहेगी। अपडेट होने के बाद ही ई केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण होगी। उचित दर विक्रेता भी यह ध्यान रखें कि जब किसी कार्ड धारक की ई केवाईसी की जा रही हो तो कार्ड में दर्ज सभी सदस्य दुकान पर मौजूद हो ताकि सभी सदस्यों की ई केवाईसी एक साथ हो सके। यह प्रक्रिया सभी कार्ड धारकों को पूरी करनी है। यदि कोई ऐसा सदस्य है जो गांव या नगर में नहीं रह रहा हो तो वह प्रदेश की सीमा में किसी भी उचित दर की दुकान से अपनी ई केवाईसी पूर्ण करा सकते हैं। कहा कि सभी कार्ड धारक व उनके परिवार के सदस्य अनिवार्य रूप से शीघ्र ई केवाईसी पूर्ण कराएं।

### गौतमबुद्ध नगर में किसानो पर की गयी कार्रवाई के विरोध में भाकियू ने कोतवाल को दिया ज्ञापन



**कोंच।** किसानों पर जनपद गौतमबुद्ध नगर में की गयी कार्यवाही के विरोध में और अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर तहसील इकाई कोंच के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को दिया।संगठन के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह के नेतृत्व में एकत्रित हुए पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय को ज्ञापन में कहा कि गौतमबुद्ध नगर में गिरफ्तार किए गए किसानों को अविलंब रिहा किया जाये और शासन द्वारा लंबित मांगों के संदर्भ में जो आश्वासन दिया गया था, वो सभी मांगें शीघ्र ही पूरी की जाये। इसके अलावा समूचे प्रदेश में जमीनों के बाजार रेट के हिसाब से सर्किल रेट बढ़ाए जाने, मुआवजे के सम्पूर्ण भुगतान के बगैर जमीनों को अधिग्रहित न किए जाने व लंबित मुआवजे का भुगतान किए जाने, प्रदेश में बिजली का निजीकरण न किए जाने, निजी नलकूपपों को बिना शर्त बिजली मुफ्त देकर मीटर लगाने पर प्रतिबंध किए जाने, अन्ना पशुओं पर सख्ती के साथ पूर्णतया प्रतिबंध लगाने, खाद की कालाबाजारी पर पूरी तरह से अंकुश लगाकर किसानों को आसानी से खाद मुहैया कराने की भी मांग ज्ञापन में की गयी। इस दौरान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ निरंजन, तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन पचीपुरा, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुंवरपुरा, राकेश कुंवरपुरा, श्यामसुन्दर, कौशल कुशवाहा, आनंद, सौरभ, सुभाष आदि किसान मौजूद रहे।

### चाट भण्डार एण्ड रेस्टोरेन्ट से खाध पदार्थो के नमूने संग्रहित किये

**उरई।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उ0प्र0 व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने हेतु उरई नगर पालिका में आयोजित प्रदर्शिनीयों में मेला स्थल कालपी रोड उरई के तिवारी चाट भण्डार एण्ड रेस्टोरेन्ट से खाद्य पदार्थ चिली सॉस व टमेटो सॉस का नमूना संग्रहित किया गया व यश सुपर सॉफ्टी कॉर्नर प्रो0 सन्तोष गुप्ता के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ रॉ मेटेरियल आईसक्रीम का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही स्टेशन रोड उरई पं0 दीन दयाल प्रदर्शनी मेला से जय श्री महाकाल रेस्टोरेन्ट से खाद्य पदार्थ मैदा व छोला मसाला का नमूना संग्रहित किया गया। उक्त नमूनों को जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्यकारोबारकर्ताओ को साफ सफाई हेतु नोटिस निर्गत किए गए तथा खाद्य पदार्थ को ढककर रखने व तेल को 3 बार से अधिक प्रयोग न करने हेतु निर्देशित किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ0 जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, कन्हैया लाल यादव मौजूद रहें।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रेरणादायक मॉडल करें स्थापित- जिलाधिकारी

■ उरई



जनपद में जल संरक्षण का उत्कृष्ट मॉडल बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जल संरक्षण के संबंध में कराए गए कार्यों की विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में जल शक्ति मंत्रालय के मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कदौरा और कोंच के पुनर्जीवित तालाबों को जल शक्ति मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। वहीं, अमृत सरोवर योजना के तहत चमारी, राहिया और सोमई तालाबों के प्रवाहों का आकलन किया जाएगा। गोपालपुर गाँव में पातालतोड़ कुएं (आर्टिजन कुआं) का पुनर्जीवन किया जाएगा, जिससे जलस्तर में सुधार होगा। पानी की बर्बादी रोकने के लिए परमार्थ मॉडल के आधार पर जल प्रबंधन संरचनाएँ विकसित की जाएंगी। स्कूलों और समुदायों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रे वाटर मैनेजमेंट और रिचार्ज पिट का निर्माण किया जाएगा। सिमरिया गाँव में फ़ूड फॉरेस्ट तैयार किया जाएगा, जिससे जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। इन सभी प्रयासों के तहत जनपद में जल संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। कैच द रेन के तहत जल संरक्षण एवं भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (छत पर वर्षा जल संचयन प्रणाली) की स्थापना सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, तालाब और नदी के किनारे वृहद वृक्षारोपण अभियान भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों जल स्रोतों के संरक्षण के लिए पारंपरिक जल संसाधनों को पुनर्जीवित किया जाए और बोरवेल पुनर्भरण (बोरवेल रिचार्ज) को प्राथमिकता दी जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला विकास अधिकारी रामेन्द्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक एस के उत्तम, परमार्थ के प्रमुख डॉ संजय सिंह सहित सम्बंधित जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शादी समारोह से लौट रही बच्ची तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल

■ जालौन-उरई

शादी समारोह के बाद घर लौट रहे परिवार की बच्ची को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बच्ची को उपचार के लिए उच्च संस्थान रेफर किया गया।

नगर में स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में उरई के बाघौरा निवासी अनूप कुमार अपने परिवार के साथ शामिल होने के लिए आए थे। शादी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह परिवार के साथ वापस लौट रहे थे। जिसके लिए परिवार के सभी सदस्य बाहर सड़क पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान लौना रोड पर एक तेज रफ्तार कार निकली। सड़क किनारे सात वर्षीय बालिका अनामिका भी खड़ी थी। तेज रफ्तार के चालक ने अनियंत्रित होकर अनामिका को टक्कर मार दी। हादसे में अनामिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। वहीं, कार सवार मौके पर कार को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

### श्रीराम विवाह पंचमी महोत्सवः नाना महाराज मंदिर भव्य तरीके से सजाया गया

**जालौन-उरई।** श्रीविवाह पंचमी महात्सव को लेकर नगर में स्थित नाना महाराज मंदिर भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। मंदिर में इस समय उत्सव का माहौल है। हो भी क्यों न आखिर प्रभु श्रीराम का सीता माता के साथ विवाह होने जा रहा है। छह दिसंबर को श्रीविवाह पंचमी के अवसर पर नाना महाराज मंदिर में प्रभु श्रीराम व जानकी विवाह की तैयारी की जा रही है। बता दें कि हर साल मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को श्रीविवाह पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस दौरान माता सीता और श्री राम का विवाह किया जाता है। पुजारी विजयराम दास महाराज ने राम-जानकी विवाह में शामिल होने के लिए भक्तों से छह दिसंबर को सायं चार बजे मंदिर में पहुंचने की अपील की है।

## 35 दिवसीय धार्मिक आयोजन 17 वें दिन श्रीराम कथा का सुंदर वर्णन किया

■ जालौन-उरई

उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में चल रहे 35 दिवसीय धार्मिक आयोजन 17वें व श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन दीक्षित ने अपने मुखारबिंद से राम कथा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का नाम जपने से एवं सत्संग करने से जो लाभ मिलता है, उसके आनंद की कहीं तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की भूमि में मनुष्य का जन्म लेने वाले बड़े सौभाग्यशाली है।

श्रीराम कथा के तीसरे दिन मथुरा से पंडित ब्रजमोहन दीक्षित ने कहा कि भगवान की कृपा से ही आपका शरीर स्वस्थ्य रह सकता है। इसलिए जीवन में भगवान का नाम जपना बहुत आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य का जन्म लेने के बाद भी अगर आप भगवान का नाम नहीं लेते हैं, तो आपका जीवन पशु से भी बदतर है। आज के जीवन में श्रीराम कथा और भागवत कथा का श्रवण अत्यंत आवश्यक है। हरि नाम का जितना स्मरण हो जाए, उतना अच्छा है। अंत समय में भी राम का नाम लिया जाता है, इसलिए जीते जी जितना अधिक हो सके राम का नाम भजना चाहिए। भगवान श्रीराम की बाललीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुडौल और सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्रीराम पवित्र बाल लीला करते थे। कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार कराकर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौटकर पूजा स्थल पर आई तो देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्रीराम को झूले पर सोते पाया। माता की अवस्था देख श्रीराम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। इस मौके पर मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज, नैपाल सिंह, देवेंद्र प्रजापति, राजाबाबू, संतोष सिंह, कृष्णा बाबू, सुधा देवी, रामकुमारी, श्वेता, सपना, पप्पी, अंजली आदि मौजूद रहे।

# विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम का आयोजन

## बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लाभ बताये

■ उरई



विटामिन-ए सम्पूरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 04 दिसम्बर 2024 से 01 माह तक आयोजित किया जाना है। आज दिनांक 04/12/2024 को प्रातः 10ः30 बजे जिला महिला चिकित्सालय उरई परिसर में स्थापित टीकाकरण सत्र पर माननीय सदर विधायक उरई गौरीशंकर वर्मा ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, अपने करकमलों द्वारा 9 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यकम का शुभारम्भ किया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लाभ के सम्बन्ध में उपस्थित बच्चों की माताओं को रतौधी एवं अन्य बीमारियो से वचाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के सम्बन्ध मे, तथा सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग मे चलायी जा रही जन कल्याकारी योजनाओ / कार्यक्रमो के बारे मे विस्तार से बताया और जनपद वासियो से अपील की अपने 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को निकटतम टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलवायें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 देवेन्द्र भिटौरिया ने अपने सम्बोधन में जनपद में 198842 लक्षित बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाये जाने, तथा वजन कराये जाने, के सम्बन्ध में, अपने बच्चों का समय से सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने के लाभ, टीकाकरण एवं बिटामिन-ए की खुराक से गम्भीर संक्रमण से वचाव के सम्बन्ध में उपस्थित माताओं को बताया तथा प्रत्येक 6 माह के अन्तराल पर आयोजित होने वाले विटामिन-ए सम्पूरण कार्यकम की खुराक के सम्बन्ध में बताया कि इससे बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा विटामिन-ए पीने से बच्चों में रतौधीं नामक रोग नहीं होता है। 09 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एम0एल0 तथा 01 से 05 वर्ष के बच्चो को 2 एम0एल0 बिटामिन-ए खुराक पिलानी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता बनौधा ने अपने सम्बोधन में बच्चों को 06 माह तक केवल माँ के स्तनपान के महत्व, विटामिन-ए पाये जाने फलो, सब्जियों के वारे में बताया। डा0 एस0के0पाल बालरोग विशेषज्ञ ने धात्री माताओं को पोषण एवं जे0एस0बाई0 योजना के सम्बन्ध में बताया तथा अपने भोजन में विटामिन-ए तथा अन्य पोषक तत्वों से युक्त खाद्य पदार्थ सम्मिलित करने के वारे में बताया। अंत में वरिष्ट स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा0 संजीव प्रभाकर ने माननीय सदर विधायक श्री गौरीशंकर वर्मा, तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बन्धुओ, समाज सेवियों चिकित्सा स्टाफ तथा उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया एवं जनपद वासियों से अपील की कि अपने एवं आसपडोस के 9 माह से 05 वर्ष के बच्चों को नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक अवश्य पिलायें तथा बच्चो का समय से टीकाकरण कराये।

इस अवसर पर अनिल वर्मा नगर उपाध्याक्ष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय उरई डा0 सुनीता बनौधा, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई डा0 अवनीष कुमार, वरिष्ट स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा0 संजीव प्रभाकर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 देवेन्द्र भिटोरिया, बाल रोग विशेषज्ञ डा0 एस0के0 पाल, डा0 एन0आर0 वर्मा, अपर शोधाधिकारी श्री आर0पी0 विश्वकर्मा यू0एन0डी0पी0 प्रतिनिधि अजय महतेले, अर्वन को-आर्डीनेटर संजीव कुमार आदि की उपस्थित रही।

## ग्राम रवा में चल रहे महायज्ञ में पहुंचे राज्यमंत्री, विधायक सहित मडलायुक्त व जिलाधिकारी





■ कोंच

एमएलसी रमा आरपी निरंजन के गृह ग्राम रवा में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के नौंवे दिन की कथा में कथा व्यास जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने मिथिला में भगवान राम और जनकनंदिनी सीता के विवाह का बहुत ही सुंदर वर्णन कर श्रोता समुदाय को आनंदित किया। उत्तर प्रदेश शासन में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, विधायक ऊंचाहार मनोज पांडे एवं कमिश्नर झांसी विमल कुमार दुवे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे,एसडीएम ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह ने भी कथा मंच पर पहुंच कर जगद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कमिश्नर दुवे ने कहा, भगवान की कथा एवं संतों के विचारों को यदि मनुष्य अपने आचरण में उतार ले तो उसका जीवन धन्य हो जाए।

कथा व्यास ने राज्यमंत्री, विधायक, कमिश्नर एवं डीएम सहित मंच पर उपस्थित अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कथा प्रवक्ता डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि विवाह में भी राम ने अपनी मर्यादाएं और संस्कार नहीं छोड़े। जो भी राम को मानने वाले लोग हैं वे कभी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करते हैं। मानव मात्र को कथाओं का श्रवण अवश्य करना चाहिए, इससे उनमें सद्आचरणों का समावेश होता है। भगवान की कथाओं का सार भी यही है कि व्यक्ति गृहस्थ जीवन में रहकर भी एक संन्यासी की भांति भगवन्नाम जप करते हुए अपना परलोक सुधार सकते हैं।वही कार्यक्रम में पहुंचे कमिश्नर एवं जिलाधिकारी ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चो को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सरस आर्ट कला द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के बच्चे पुरस्कृत

■ कोंच



स्थानीय गल्ला मंडी परिसर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में नगर की कला संस्था सरस आर्ट ग्रुप द्वारा कला प्रतियोगिता कराई गई जिसमें निर्धारित वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपनी तूलिका से कैनवास पर सुंदर रंग उकेर कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रुप हेड सरस ने बच्चों की कला की खुले हृदय से सराहना करते हुए कहा, बच्चों को अगर शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए उचित मंच उपलब्ध कराया जाए तो उनके अंदर की प्रतिभा को बाहर आने का मौका मिलेगा। जीवन में कला का अपना अलग ही महत्व है। अपनी बात कहने का यह भी एक सशक्त माध्यम है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी के निर्देशन में कक्षा प्रथम से तृतीय एवं चतुर्थ से पंचम के सभी छात्र-छात्राओं की कला प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चों ने दिए गए विषय पर अपनी उत्कृष्ट कृतियां बनाई। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कक्षा प्रथम से तृतीय तक चयनित छात्र छात्राओं में निधि कुमारी, यशिका कुशवाहा, आशी रावत, अंशिका कुशवाहा, निखिल चतुर्वेदी एवं चतुर्थ से पंचम में तेजस्वी सोनी, हरित चौरसिया, शिवांशिका राजा, राधिका कुमारी, रिद्धि अग्रवाल चयनित हुई। इस दौरान आनंद पांडे, सरस आर्ट ग्रुप के हेड संजीव सोनी सरस, पंकजाचरण वाजपेयी, प्रभारी नरेंद्र सिंह, आनंद भारद्वाज, धीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश निरंजन, अंजना चचोंदिया, विवेक तिवारी, साधना चतुर्वेदी, दीक्षा, सोनम दीक्षित, मीनू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम की उपस्थित में किसानों ने कराई फॉर्मर रजिस्ट्री

■ कोंच



किसानों की फार्मिंग रजिस्ट्रि कराये जाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह के निर्देशन एवं देखरेख में पहले दिन नदीगाँव रोड पर स्थित इफको खाद बीज़ बिक्री केंद्र पर करीब 2 दर्जन किसानों ने अपना-अपना आधार कार्ड और खतौनी प्रस्तुत कर फार्मिंग रजिस्ट्रि करायी। इस कार्य में कृषि विभाग से आए तकनीकि प्रबंधक रोहित गुर्जर और सदर लेखपाल अखिलेश कुमार लगे रहे। एसडीएम ने बताया कि फार्मिंग रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की सम्मान निधि रुक जाएगी, साथ ही फ़सल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा इसलिए सभी किसान जिनके नाम कृषि भूमि है वह फार्मिंग रजिस्ट्री जरूर करा लें।

## डाकघर में नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र स्वीकार न करने का आरोप

■ जालौन-उरई

छोटे डाकघर में नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र स्वीकार न करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी मोहम्मद तौफीक, मुरलीमनोहर निवासी अशफाक ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्हें अपने बच्चे का आधार कार्ड बनवाना है। इसके लिए वह नगर में स्थित छोटे डाकघर में पहुंचे, जहां आधार कार्ड बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। अन्य कागजातों के साथ ही उन्होंने वहां तैनात कर्मचारी को नगर पालिका उरई द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति दी। यह मूल प्रति सफेद कागज में है। जिस पर नगर पालिका उरई की मोहर व संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर भी हैं।

जब उन्होंने उपरोक्त कर्मचारी अधार सेंटर पर तैनात अधिकारी को दिए तो उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र लेने से इंकार कर दिया और कहा कि सफेद कागज पर जारी जन्म प्रमाण पत्र को वह स्वीकार नहीं करेंगे। जो जन्म प्रमाण पत्र लाल कागज में होगा वही स्वीकार होगा।

जब उन्होंने बताया कि नगर पालिका से जब मूल प्रति सफेद कागज में ही मिली है तो वह लाल कागज में कहां दे सकते हैं। काफी समझाने के बाद भी उन्होंने नहीं माना और उन्हें वापस लौटा दिया। पीड़ित ने एसडीएम से इस संदर्भ में आधार सेंटर पर कागज का रंग देखकर आधार बनाए जाने की जांच कराने और संबंधित अधिकारियों इस बाबत निर्देश देने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### प्रियंका चोपड़ा ने 'सिटाडेल 2' की शूटिंग पूरी की



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली सीरीज सिटाडेल 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, कुछ दिनों से मैं काफी उत्साहित और रोमांच में रही हूं। हमने 'सिटाडेल सीजन 2' की शूटिंग को पूरा कर लिया है! यह साल मेरे लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा है लेकिन इतने प्यार और समर्थन की वजह से कुछ आसान बन गया। प्रियंका ने कहा मैं सीरीज के एक्टर्स, क्रू और खासकर मेरी टीम की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मेरा साथ दिया। अब मैं छुट्टियों के मौसम में 'गोता लगाने' को तैयार हूं। 'सिटाडेल 2' का निर्माण डेविड वेइल ने किया है। इस सीरीज में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं और उनके किरदार का नाम नादिया सिह है। प्रियंका के साथ 'सिटाडेल 2' में हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी हैं।

### हीरों की नीलामी में पहले दिन 1 करोड़ 18 लाख में बिके 29 नग हीरे

**पन्ना:** बेशकीमती हीरों के लिए विख्यात मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों की नीलामी आज यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। इस नीलामी में पन्ना सहित सूरत और गुजरात के व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। तीन दिनों तक चलने वाली इस नीलामी के पहले दिन 52.99 कैरेट वजन के 29 नग हीरे 1 करोड़ 18 लाख 2 हजार 780 रुपये में बिके हैं। हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि पहले दिन हुई हीरों की नीलामी में 21 ट्रे के माध्यम से 50 नग हीरे जिनका वजन 93 कैरेट 27 सेंट है रखे गए थे, जिनमें जेम क्वालिटी वाला 19 कैरेट 22 सेंट का बड़ा हीरा भी शामिल था। आज की नीलामी में यह हीरा व्यापारियों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। नीलामी में 19 कैरेट 22 सेंट वाले हीरे की सबसे अधिक बोली 4 लाख 88 हजार रुपये प्रति कैरेट लगी। इस तरह यह हीरा 93 लाख 79 हजार 360 रुपये में बिका। श्री पटेल ने बताया कि नीलामी में 300 कैरेट वजन के 127 नग हीरे रखे जायेंगे, जिनकी अनुमानित 4 करोड़ 16 लाख 90 हजार 291 रुपये है। आगामी तीन दिनों तक चलने वाली हीरों की इस नीलामी को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह है।

### पंचायती राज विभाग में जल्द होगी 15610 पदों की बहाली : मंत्री

**औरंगाबाद:** बिहार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि राज्य के 8000 से अधिक ग्राम पंचायतों को मजबूत, सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए रिक्त पड़े 15610 पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी । गुप्ता ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुएकहा कि पंचायती राज विभाग में 15610 पदों पर बहाली की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है । इन सभी पदों पर बहाली होने के बाद विभाग का विकास कार्य और तेजी से होगा। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चाहते हैं कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंचे। इसी सोच के साथ भारत सरकार और राज्य सरकार की तरह पंचायत की सरकार बनाई जा रही है। पूरे बिहार में 8033 पंचायत हैं और सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जायेगा। इसमें से लगभग आधे पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो चुका है और शेष ग्राम पंचायत में शीघ्र निर्माण कराया जाएगा। वहीं औरंगाबाद जिले में भी 202 पंचायतों में से 59 में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो गया है और 26 निर्माणाधीन है।

### एसईसीएल खदान में सिर पर पत्थर गिरने से दो श्रमिकों की मौत

**मनेन्द्रगढ़:** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले में एसईसीएल खदान में सिर पर पत्थर गिरने से बुधवार को दो श्रमिकों की मौत हो गई। यह घटना खदान के अंदर ड्रेसिंग के दौरान हुई है। हादसा छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित राजनगर उपक्षेत्र के झिरिया अंडर ग्राउंड खदान में हुआ है। कोयला खदान के अंदर ब्लास्टिंग के बाद ड्रेसिंग कार्य करते समय छत से पत्थर गिरने लगे, जिससे श्रमिक लखन लाल (स्वर्गीय चरकू) और वॉल्टर तिर्की (पिता लजरस तिर्की) घायल हुए। दोनों को सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# बिजली आपूर्ति में आपातकालीन कटौती को कम करें: उमर अब्दुल्ला

● जम्मू,

**जम्मू**-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को पीडीडी की बैठक की और संकटकालीन बिजली कटौती को कम करने पर जोर दिया, जिससे जनता पीडीडी की ओर से अधिसूचित बिजली कटौती की अनुसूची पर भरोसा करना शुरू कर दे।

उमर ने सिविल सचिवालय में पीडीडी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, संकटकालीन बिजली कटौती को कम करने पर जोर दिया, ताकि जनता बिजली विकास विभाग द्वारा अधिसूचित बिजली कटौती की अनुसूची पर भरोसा करना शुरू कर दे। बैठक में बिजली आपूर्ति चुनौतियों, कटौती कार्यक्रम, राजस्व प्राप्ति और कड़ाके की सर्दी के मौसम के दौरान बिजली क्षेत्र की दक्षता में सुधार के लिए रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया



गया। उन्होंने कहा कि घोषित कटौती कार्यक्रमों से विचलन को बिल्कुल न्यूनतम रखा जाना चाहिए। लोग योजनाबद्ध कटौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, अप्रत्याशित और लंबे समय तक बिजली कटौती उनके लिए बर्दाश्त करना मुश्किल है। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट और विश्वसनीय कटौती कार्यक्रम की आवश्यकता दोहराई और कहा कि संकटपूर्ण कटौती कम होनी चाहिए और इसकी अच्छी तरह से सूचना दी जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरज गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे।




बुधवार को नई दिल्ली में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के बाहर अडानी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

# ब्रिटिश संसद में उठा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का मुद्दा

## ब्रिटिश सांसद बोले-बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया करने की कोशिश की जा रही

● नई दिल्ली, एजेंसी





**ब्रिटेन** के सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों और धार्मिक नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर गंभीर चिंता जताई. कंजरवेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने इस हिंसा को हिंदू समुदाय के खिलाफ जातीय सफाई की कोशिश करार दिया. उनका कहना था कि शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ अत्याचार बढ़ गए हैं। हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बहस के दौरान ब्लैकमैन ने कहा कि इस समय बांग्लादेश में हिंदू समुदाय अपनी जलती हुई मकानों, लुटे हुए व्यापारों और गिरफ्तार धार्मिक नेताओं को लेकर जूझ रहा है। हाल ही में दो पुजारियों को गिरफ्तार किया गया और 63 संतों को बांग्लादेश में प्रवेश करने से रोक दिया गया। उन्होंने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि ये हिंदू समुदाय के खिलाफ जातीय सफाई की एक साजिश हो सकती है।

ब्लैकमैन ने ब्रिटिश विदेश मंत्री कैथरीन वेस्ट से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे जानबूझकर उत्पीड़न की कड़ी निंदा करें। वेस्ट ने बांग्लादेश में इस मुद्दे को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करने की बात की और कहा कि वे भारत के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगी। इसके साथ ही भारतीय मूल की ब्रिटिश सांसद प्रीति पटेल ने भी बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त की और ब्रिटिश सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की।

लेबर पार्टी के सांसद बैरी गार्डिनर ने बांग्लादेश की स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने इस हिंसा को ब्रिटेन के हिंदू और बांग्लादेशी समुदाय के लिए एक बड़ा खतरा बताया। गार्डिनर ने यह भी बताया कि रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस और सेना ने बांग्लादेश में 20 से ज्यादा हिंदू और सूफी पूजा स्थलों के हमलों के दौरान कोई कार्रवाई नहीं की। बांग्लादेश में हाल ही में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी ने तनाव को और बढ़ा दिया है। गार्डिनर ने चिन्मय दास की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत से इनकार किए जाने पर चिंता जताई। वहीं गुरिंदर सिंह जोसन ब्रिटिश सिख सांसद ने भी इस घटनाक्रम को ₹हैरान करने वाला₹ बताया और ब्रिटिश सरकार से इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया की मांग की।

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों के

## स्कूल भवन निर्माण में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई: जयंत

● नई दिल्ली,

**सरकार** ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि स्कूलों में भवन निर्माण करते समय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों का अनुपालन करना जरूरी है और यदि कहीं पर इनका उल्लंघन होता है तो जरूरी कार्रवाई की जायेगी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही।

भारतीय जनता पार्टी के अरूण सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में सरकार नये स्कूल बनाने के बजाय पुराने स्कूल में ही चार मंजिल इमारत बना रही है और इसमें नियमों का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वह मयूर विहार स्थित ऐसे एक सरकारी स्कूल में गये थे जहां चार मंजिल की इमारत बनाते समय अग्निनशमन नियमों का पालन नहीं किया गया है। चौधरी ने कहा कि स्कूलों में भवन निर्माण करते समय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों का पालन जरूरी है। उन्होंने सदस्य से कहा कि वह इस तरह के मामले हमारी नजर में लायें और हम इस बारे में राज्य सरकार से बात करेंगे। एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समग्र शिक्षा योजना



के तहत स्कूलों में सीसीटीवी के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है। यदि कोई राज्य सरकार इस संबंध में प्रस्ताव लाती है तो सरकार स्कूल में कैमरे लगाने की मंजूरी देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे ले जाने के मामलों को सरकार गंभीरता से लेती है और इस संबंध में दिशा निर्देशों का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि सरकार शोध को बढावा देने के लिए कदम उठा रही है और इसके लिए अनुसंधान शोध संस्थान का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुसंधान निधि निरंतर बढायी जा रही है।

### कैंटर-कार की भिड़ंत में पांच की मौत

**चूरू:** राजस्थान में चूरू जिले के सरदारशहर थाना क्षेत्र में मेगा हाइवे पर कैंटर और कार की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि बुकनसर के पास मेगा हाइवे पर देर रात करीब ढाई बजे कैंटर और एक कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई तथा कैंटर चालक सहित दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान कमलेश (26), नंदलाल (23), पवन कुमार, राकेश कुमार (33) निवासी राजासर एवं धनराज निवासी सीकर के रूप में की गयी है। मृतक सभी कार में सवार थे, जो सरदारशहर से हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे।

### गड्ढे में कार गिरने से मां-बेटे की मौत

**भरतपुर:** राजस्थान में सवाई माधोपुर के बौंली थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर 252 पर बुधवार को कार अनियंत्रित होकर गड्डे में गिर गई जिससे उसमें सवार गुड़गांव हरियाणा निवासी मां-बेटे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुड़गांव हरियाणा निवासी यश चतुर्वेदी (30) एवं बीना चतुर्वेदी (55) के रूप में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर की तरफ से आ रही एक सेल्टोस कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर के प्लांटेशन जोन में लगभग 8-10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस एवं एंबुलेंस कर्मचारियों ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद दोनों घायलों को सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने बीना देवी को मृत घोषित कर दिया।

### बजरी माफिया गिरफ्तार, वाहन जब्त

**भरतपुर:** राजस्थान के धौलपुर में प्रतिबंधित एवं अवैध चम्बल रेती बजरी परिवहन करने वाले वाहनों के साथ रैकी करने वाले एक बजरी माफिया को गिरफ्तार कर रैकी मे प्रयुक्त गाडी को जब्त किया गया है। सदर थानाधिकारी रामनरेश की अगुवाई में की गई कार्यवाही के बारे में बताया गया कि दो अक्टूबर को थाना पुलिस को अवैध चम्बल रेती बजरी से भरे एक ट्रक एवं रैकी कर रही स्कार्पियो गाडी की सूचना पर ट्रक को पकड़ उसके चालक परिचालक को गिरफ्तार किया गया था। घटना में रैकी कर रही कार का चालक सौरव गुर्जर (22) साल निवासी भीमकी थाना राजाखेडा जिला धौलपुर हाल दुर्गा कॉलोनी ओडेला रोड थाना निहालगंज धौलपुर मौके से फरार हो गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।



बुधवार को ओडिशा के पुरी स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## वहाबी के दो प्रमुख सैन्य कमांडरों, नसीबी, जायोनी सीआईए और मोसाद ने नाटो मास्टर जासूसों को प्रशिक्षित किया।

नूना न्यूज एजेंसी।

**सीरिया।** वहाबी के दो प्रमुख सैन्य कमांडरों, नसीबी, जायोनी सीआईए और मोसाद ने नाटो मास्टर जासूसों को प्रशिक्षित किया, जो डीएईएसएच या आईएसआईएस के कवर में नाटो के लिए काम करते थे। इन नाटो जासूसों ने इजराइल से सीरिया में एक सैन्य छापा मारा और एक सीरियाई सीमावर्ती गांव में प्रवेश किया और अहले बैत बेयट के पवित्र नामों के साथ इमामबारगाह हुसैनियाह में संकेतों और बैनरों का अपमान करने के पवित्र कार्य किए। मास मीडिया, जो आतंकवादी संगठन DAESH/ISIS के मालिक और निमार्ता और निदेशक हैं, ने एक घंटे के भीतर इस क्लिप को दुनिया भर में वायरल कर दिया और इसे सुन्नी इस्लाम के लिए एक बड़ी जीत और शिया इस्लाम के



लिए सबसे खराब झटका के रूप में प्रचारित किया। लेकिन सीरिया-इजराइल सीमा पर आधारित लेबनान में हिज्बुल्लाह के इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन ने इन नाटो जासूसों को एक इजराइली बंकर के अंदर



उनके ठिकाने पर छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया। इन तथाकथित दो अच्छी तरह से प्रशिक्षित नाटो कमांडरों को दमिश्क की अदालत में मुकदमा चलाने के लिए दमिश्क, सीरिया ले जाया गया।

# राज्यसभा ने दी बायलर विधेयक को मंजूरी

## केन्द्र सरकार पुरानी सोच छोड़कर दस वर्षों से नयी सोच के साथ काम कर रही है: पीयूष

● नई दिल्ली,

**राज्यसभा** ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान और मार्क्सवादी वी शिवदासन के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए बायलर विधेयक 2024 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विधेयक पर दो घंटे से अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कहा कि केन्द्र सरकार पुरानी सोच छोड़कर दस वर्षों से नयी सोच और दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है और यह विधेयक भी उसी का प्रतीक है। इसके माध्यम से गुलामी की मानसिकता को भी समाप्त किया जा रहा है क्योंकि यह विधेयक बहुत पुराना है। उन्होंने



कहा कि यह विधेयक देश में कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक कदम है। विधेयक में पारदर्शिता के साथ जवाबदेही तय की गयी है। उन्होंने कहा कि विधेयक में राज्य सरकारों के अधिकारों में किसी तरह की कमी नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक बहुत पुराना हो गया था इसलिए अब इसमें सभी प्रावधानों को पारदर्शी तरीके से स्पष्ट किया जाना जरूरी हो गया था। गोयल ने कहा कि उन्हें कांग्रेस की सोच पर हैरानी होती है कि वह विरोध के नाम पर अपने ही निर्णयों का भी विरोध कर सकती है। उन्होंने कहा कि वाजपेयी सरकार उन्हीं प्रावधानों के साथ विधेयक में संशोधन लेकर आयी थी जिन्हें कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल ने 1995 में स्वीकृति दी थी लेकिन उस समय विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने इस विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद जब कांग्रेस सरकार 2007 में संशोधन विधेयक लेकर आयी तो विपक्ष में बैठी भाजपा ने इसका समर्थन किया लेकिन वही कांग्रेस अब 2024 में इस विधेयक में संशोधनों का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है। बायलर विधेयक राज्यसभा में इसी वर्ष 8 अगस्त को पेश किया गया था। यह बायलर अधिनियम 1923 का स्थान लेगा।

यह बायलर और बायलर कंपोनेंट के विनिर्माण , इंस्टॉलेशन, प्रयोग और मरम्मत का नियमन करता है ताकि सुरक्षित कामकाज सुनिश्चित किया जा सके। यह केंद्र सरकार को नियम बनाने के लिए केंद्रीय बायलर बोर्ड बनाने की शक्ति देता है। बायरल का पंजीकरण और प्रमाण अनिवार्य है। यह राज्य सरकारों को बॉयलरों के निरीक्षण और प्रमाणन के लिए निरीक्षकों को नियुक्त करने का अधिकार देता है।



बुधवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जम्मू में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिहादियों और बांग्लादेश का पुतला जलाया।

संपादकीय

# महाराष्ट्र में हैप्पी एंडिंग

**आखिरकार** देवेंद्र फड़नवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होंगे। बारह दिनों तक चली कोल्ड वार के बाद नतीजा सामने आया है। कहने को महाराष्ट्र की हैप्पी एंडिंग हो गई है, लेकिन क्या आगे भी सब कुछ हैप्पी रहेगा? महायुति के घटक शिवसेना के सर्वेसर्वा और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किन हालात में मुख्यमंत्री पद से अपना दावा छोड़ा है, यह वही बेहतर जानते होंगे, लेकिन इतना अंदाजा तो लगाया ही जा सकता है कि उन्होंने अंतिम समय तक मुख्यमंत्री बनने की कोशिश नहीं छोड़ी होगी। मुख्यमंत्री न बनने की टीस उन्हें सालती रहेगी। महाराष्ट्र के मनोनीत मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस बुधवार शाम को सरकार और मंत्रिमंडल गठन के लिए चर्चा करने शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे से मिलने वर्षा बंगले पहुंचे। इससे पहले दोपहर में महायुति के तीनों दलों भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के नेताओं देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने साझा प्रेस कांफ्रेंस में मुस्कुराते हुए गुरुवार शाम को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की जानकारी दी। मुस्कुराते हुए कितने चेहरों के पीछे कितनी उदासी पसरी होगी, इसे शायद सिर्फ महसूस किया जा सकता है। संभवतः एकनाथ शिंदेने यह नहीं सोचा होगा कि भाजपा अकेले इतनी सीटें ले आएगी कि उनका किंग मेकर बनने का सपना टूट जाएगा? वैसे एकनाथ शिंदे भी शायद यह सोच रहे हों कि आखिर भाजपा की अकेले इतनी सीटें आ कैसे गईं कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से महरूम होना पड़ा? महाराष्ट्र मुख्यमंत्री पद को लेकर महायुति के घटक दलों में सिर्फ भाजपा और शिवसेना के बीच ही रस्साकशी चल रही थी। एनसीपी नेता अजित पवार इस विवादित चर्चाओं से शुरू से ही दूर दिख रहे थे। उन्होंने चुनावी नतीजे के फौरन बाद भाजपा और देवेंद्र फडणवीस को बिना शर्त पूरा समर्थन देने का ऐलान कर दिया था। उन्हें पता था कि उनका सीएम बनना तो दूर अब शायद उपमुख्यमंत्री पद भी नसीब न हो। अब देखना यह है कि महायुति किस तरह अपनी सरकार का गठन करता है। किस के हिस्से में कौन-कौन से मंत्री पद आते हैं। मुख्यमंत्री पद से ज्यादा खींचतान गृहमंत्री पद के लिए भी चल रही थी। भाजपा कभी नहीं चाहेगी गृहमंत्री का पद किसी दूसरे घटक दल के पास जाए। महाराष्ट्र की राजनीति में अभी आगे उथल-पुथल होनी तय है, लेकिन भाजपा इतनी मजबूत है कि फिलहाल उसे दूर-दूर तक किसी संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**महाराष्ट्र की राजनीति में अभी आगे उथल-पुथल होनी तय है, लेकिन भाजपा इतनी मजबूत है कि फिलहाल उसे दूर-दूर तक किसी संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।**

पाठकवाणी

### महिला नेतृत्व का यह हाल है

**सुप्रीम** कोर्ट महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने का निर्णय देती है। स्वयं का ही एक अनुभव बता रही हूं। कैराना ब्लॉक में मिशन शक्ति कार्यक्रम में मंच पर डीएम सुश्री जसजीत कौर सीडीओ शम्भू नाथ तिवारी उपस्थित थे, सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं। ग्राम प्रधान घूंघट में मंच पर बैठ गई, सिग्नेचर के लिए भी ये कह दिया कि बेटा कर देगा। सीडीओ ने जनता के सामने हाथ जोड़ने के लिए कहा तो भी बेटे से ही हाथ जुड़वा दिए। क्या नेतृत्व कर पाएंगी इस तरह से महिलाएं, जो आज तक घूंघट से भी आजाद नहीं हो पाई हैं जो प्रधान भी केवल इसलिए बन रही हैं क्योंकि सीट महिला के लिए आरक्षित कर दी गई है। व्यर्थ है महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करना, क्योंकि वह मात्र एक कठपुतली है पुरुष की।

-**शालिनी कौशिक एडवोकेट**, कैराना, (शामली)

### संभल जाने से रोकना गलत

संभल में में पांच लोगों की मृत्यु हुई थी, सांसद चंद्रशेखर आजाद के अलावा सपा एवं कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल को भी संभल जाने से प्रशासन ने रोका है। प्रशासन को चाहिए कि पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन के समक्ष चर्चा के लिए समय दिया जाए। सत्तापक्ष को समझना होगा यदि विपक्षी दलों को भी सच जानने का अधिकार है और यह भी लोकतंत्र के लिए जरूरी है।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



सरकार कहती है- छुट्टी मनाने मालदीव नहीं, लक्षद्वीप जाओ। दिल्ली से मालदीव जाना है तो 17000 रुपये की फ्लाइट है। अगर दिल्ली से लक्षद्वीप जाना है तो 25000 रुपये की फ्लाइट है। अब सरकार से ही पूछिए कि लक्षद्वीप जाएं या मालदीव?

-**राघव चड्ढा**, आप विधायक

आज का ट्वीट



''नोएडा के किसान जब दिल्ली जाने पर अड़े थे तो यही गोदी मीडिया जाम लगने पर छाती पीट रहा था। आज राहुल गांधी को रोकने के लिए अधिकारियों ने रोड़ जाम कर दिया तो मुंह में दही जम गया।''

-**शिवम यादव**

# ग्लोबल वार्मिंग का जिम्मेदार कौन

सामयिक



## शाहीन सबा

दिल्ली में जब हवा जहरीली हुई तो ग्रेप-4 के कानूनों के मुताबिक यहां निर्माण कार्य बंद कर दिए गए। इस कदम से कोई दस लाख लोगों के सामने पेट भरने का संकट खड़ा हो गया। ये लोग हर दिन निर्माण कार्यों में मजदूरी करते हैं और उनका भरण पोषण होता है। अब दिल्ली सरकार ऐसे लोगों को आर्थिक मदद करना चाहती है। पिछले महीने बंगाल और हाल ही में तमिलनाडु में आए चक्रवात के बाद लाखों रुपये की फसल नष्ट हो गई और किसानों को राहत देना अनिवार्य है। भारत में वैसे ही भौगोलिक विविधता है, इसी लिए यहां मौसम का अचानक चरम होना अब स्थाई डेरा दल चुका है। इसके चलते खेती और विभिन्न रोजगार में लगे लोगों को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, विभिन्न तरीके की बीमारियों से उनके जेब में छेद हो रहा है।

भारत इस समय विकाशशीलता और विकसितता के संक्रमण काल में है और इस संक्रमण की कुछ स्वाभाविक अनियमितता भी उपजती हैं। हमें अपने विकास की गति को भी तेज करना है, आम लोगों के रोजगार और रोटी की परवाह भी करना है। विकास की गति कार्बन उत्सर्जन कम करना लगभग विपरीत क्रिया है। यह एक उदाहरण है कि किस तरह दुनिया को जलवायु परिवर्तन के खतरे से बचाने के लिए गरीब देशों को अधिक वित्तीय मदद की जरूरत है। इसी मुद्दे पर पिछले दिनों सम्पन्न जलवायु परिवर्तन के वैश्विक सम्मेलन (कॉप) असहमति रही।

**कितना दुखद है कि जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे कम जिम्मेदार देशों को इसकी सर्वाधिक त्रासदियों को भोगना पड़ता है। यह बात यूएनएफसीसीसी भी मानता है दुनिया के अलग-अलग देशों की आर्थिक-सामाजिक क्षमता अलग-अलग होती हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव सभी को समान रूप से झेलने हैं।**



हालांकि संयुक्त राष्ट्र के इस सालाना जलसे के उद्देश्यों की सफलता पर उसी समय सवालिया निशान खड़ा हो गया था, जब सम्मेलन के ठीक पहले अमेरिका के चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की वापिसी हुई और ट्रम्प ने अपने आने वाले केबिनेट में स्कॉट परिट , राएन जिंक, रिक पैरी जैसे नाम हैं, जो जलवायु परिवर्तन को मानते ही नहीं और उनके लिए इसके लिए धन की व्यवस्था भी बेमानी है। कड़वा सच है कि संयुक्त राष्ट्र की सारी प्रणाली ही अमेरिका और उसके जैसे आर्थिक मजबूत देशों के आसपास घूमती है और ये वे देश हैं जो कारखानों से ले कर युद्ध तक में सर्वाधिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जित कर रहे हैं और चाहते हैं कि पिछड़े या विकासशील देश इसका खामियाजा भुगतें।

दुनिया के 200 देश के लोग एक पखवाड़े तक अजरबैजान के बाकू में 29वें वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन, कॉप 29 में जलवायु संकट के विभिन्न मुद्दों पर विमर्श करते रहे इस बात पर सहमति भी हुई कि 2035 तक सबसे गरीब देशों को प्रति वर्ष 300 बिलियन डॉलर का भुगतान किया जाए करने के लिए सहमत हुए। हालांकि यह राशि मांगे गए धन का एक चौथाई भी नहीं है। यह विकासशील देशों द्वारा मांगी गई राशि के एक चौथाई से भी कम है। यही नहीं यह पैसा बिना किसी शर्त के अनुदान राशि के रूप में नहीं होगा। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी)-ग्लोबल वार्मिंग को काम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के तंत्र के अंतर्गत प्रस्तावित 'जलवायु वित्त' के स्वरूप पर कोई आम सहमति बन नहीं पाई। विकसित देश चाहते हैं कि यह संग्रह सार्वजनिक और निजी वित्त पोषण स्त्रोतों का मिला जुला स्वरूप में हो जिसमें ऋण और 'ऋण अदला-बदली' शामिल रहे। ये वे देश हैं जो कि धरती के तापमान को बढ़ाने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। विकासशील देशों का कहना है कि यदि वे जलवायु परिवर्तन के कारकों को नियंत्रित करने के लिए उत्सर्जन में कटौती, गर्म जलवायु के प्रभावों के अनुकूल होने और मौजूदा आपदाओं (जिसे आम तौर पर नुकसान और क्षति के रूप में संदर्भित किया जाता है) से जूझते हैं तो उन्हें उनकी संपन्नता के अनुरूप मदद मिले। यदि इस बात को मां लिया जाए तो यूएनएफसीसी का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2030 तक अपनी राष्ट्रीय जलवायु योजनाओं को लागू करने के लिए पाँच ट्रिलियन से 6.9 ट्रिलियन डॉलर की जरूरत होगी।

वैसे तो 'जलवायु वित्त' का लक्ष्य 2010 के सम्मेलन में तय किया गया था अमीर देश 2025 तक गरीब देशों को 100 बिलियन डॉलर देंगे, लेकिन यह पहली बार 2022 में ही मिला। गरीब राष्ट्रों के वार्ताकारों का निराश होना सही है। में परिकल्पित वैश्विक शासन की वैधता पर सवाल उठाते हैं। 2022 में, दुनिया के सबसे गरीब और सबसे जलवायु-कमजोर देशों में से 58 ने जलवायु वित्त में प्राप्त 28 बिलियन डॉलर की तुलना में ऋण चुकाने के लिए 59 डॉलर बिलियन खर्च किए।

यदि कोई विकासशील देश पैसा उधार लेता है तो उसे अमेरिका और यूरोप की तुलना में सात गुना अधिक चुकाना होता है। चूंकि ऐसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता या कम क्रेडिट रेटिंग होती है , इसी लिए कर्जा देने वालों की निगाह में गरीब देश निवेश के लिए जोखिम भरे स्थान माने जाते हैं। यह तंत्र दुनिया के देशों में असमानता बढ़ा रहा है।

कितना दुखद है कि जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे कम जिम्मेदार देशों को इसकी सर्वाधिक त्रासदियों को भोगना पड़ता है। यह बात यूएनएफसीसीसी भी मानता है दुनिया के अलग-अलग देशों की आर्थिक- सामाजिक क्षमता अलग-अलग होती हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव सभी को समान रूप से झेलने हैं। वैसे ही गरीब कमजोर देशों पर पहले से ही उस संकट की कीमत चुकाने का बहुत बड़ा वजन है जो उन्होंने पैदा नहीं किया था। विशुद्ध रूप से उत्सर्जन के संदर्भ में, इस ₹जलवायु ऋण₹ की गणना 5 ट्रिलियन डॉलर वार्षिक या 2050 तक 192 ट्रिलियन डॉलर की गई है। जलवायु परिवर्तन के बिना भी, शोध में पाया गया है कि विकसित देशों पर विकासशील देशों की भूमि, श्रम और संसाधनों के लिए प्रति वर्ष 10 ट्रिलियन डॉलर का बकाया है।

प्रभावी रूप से, यह प्रक्रिया जलवायु वित्त के जोखिमों के लिए जनता को जिम्मेदार बनाती है जबकि वित्तीय लाभ पूरे की पूरे निजी कंपनियों को मिलते हैं। ऋणों और निजी वित्त का उपयोग करने से अमीर सरकारों की लागत कम होती है और वित्तपोषण उन्हें इस बात पर अधिक नियंत्रण देता है कि पैसा कैसे खर्च किया जाता है। हालाँकि, विकासशील देशों के लिए, अनुदान-आधारित वित्त जलवायु संकट से निपटने के लिए मददगार है लेकिन कड़वा सच यह है कि यह वजन ऐसे देशों पर जबरिया है क्योंकि यह संकट उन्होंने पैदा नहीं किया। दुनिया के विकसित देशों को अब जलवायु परिवर्तन के कारकों पर अधिक पाबंदी तो लगा ही होगा, बल्कि गरीब देशों को कर्ज की जगह मदद के मद में अधिक धन देना ही होगा

# विश्व में सबसे अनुठा व अनोखा है हमारा संविधान



विश्व में ऐसा विधान,जो अपने नागरिकों का बिना किसी धर्म, जाति, लिंक ऊँच-नीच,अमीर -गरीब के आधार पर किसी भेद भाव करता हैकल्याण,वह है भारत का संविधान वैश्विक राजनीतिक पटल पर भारत ने फिर से सभी ध्यान खासकर राजनीतिक चिन्तकों को आकर्षित किया है।जिसकी चर्चा व चिन्तन इन दिनों चारों दिशाओं में हो रही है।जैसा कि सर्वविदित है कि विगत दिनों मंगलवार 26 नवंबर 2024 को भारत ने अपना 75वां संविधान दिवस मनाया है।परिणाम स्वरूप संविधान के प्रति जागरूकता व जिज्ञासा आम आदमी से खास तक बढ़ी है।हालाकि हम अपने जीवन की तमाम व्यवस्तताओं के कारण हम भारत के महान संविधान को हर रोज याद नहीं रख पाते हैं,लेकिन संविधान दिवस हमें संविधान की याद दिलाता है तथा संविधान की मूल भावना की कदर करना भी सिखता है।अपने संविधान के इतिहास,विशेषताओं तथा संविधान के निमार्ताओं के विषय में जानना चाहिए है।आज इसी को ध्यान में रखते हुए अपने इस आलेख में आपको बता रहे हैं कि भारत के संविधान की आत्मा यानि कि उसका मूल स्वरूप कैसे तैयार हुआ?साथ ही आम बोलचाल की भाषा में संविधान का पूरा इतिहास और महत्व के बारे में संक्षेप में बताने की प्रयास किया है।आजकल संविधान को लेकर जगह जगह चर्चा व चिन्तन का दौर सा चल गया है।चाहे वह सता पक्ष हो या विपक्ष हो।विगत लोक सभा के चुनाव में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय संविधान को जनता के बीच गए थें।उनकी गठबन्धन के द्वारा संविधान खतरे की बात कही जा रही थी,जिसका लाभ उन्हे लोक सभा चुनाव में भी कुछ तक मिला।ऐसे में सता पक्ष कहाँ पीछे रहने वाले थें । संविधान के निर्माण के लिए डा. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित की गई थी, जिसे संविधान मसौदा समिति का नाम दिया गया । इस समिति में कुल सात सदस्य थे।संविधान मसौदा समिति के सात सदस्य इस प्रकार थे- डॉ. भीमराव अंबेडकर(अध्यक्ष),अल्लादि कृष्णा स्वामी अय्यर,के.एम. मुंशी,एन. गोपालस्वामी आयंगर,मौहम्मद साहुल्ला,देबी प्रसाद खेतान तथा एन माधव राव समिति के सदस्य थे। जिन्होंने भारतीय संविधान के अंदर आत्मा विकसित की थी।यहां संविधान मसौदा समिति के सदस्यों का संक्षिप्त परिचय भी अवश्य जान लेते हैं।भारतीय संविधान की मसौदा समिति के सदस्यों का परिचय इस प्रकार है।डॉ. बी.आर. अंबेडकर (सभापति)मुख्य रचनाकार डॉ. अंबेडकर विद्वान,समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे।सामाजिक न्याय के कट्टर समर्थक के तौर पर उन्होंने सुनिश्चित किया कि संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को बरकरार रखा जाए और दबे-कुचले समुदायों के अधिकारों की रक्षा हो सके।अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर प्रख्यात न्यायविद और अधिवक्ता, कानूनी-सांविधानिक ढांचे को तैयार करने में अहम भूमिका निभाईउन्होंने संघवाद को एकात्मक ढांचे के साथ संतुलित करने और न्यायिकस्वतंत्रता सुनिश्चित करने मेंमहत्वपूर्ण योगदान दिया।के.एम. मुंशी-लेखक,वकील और राजनेता,मसौदे में एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिकपरिप्रेक्ष्य रखा।राज्यनीति के निर्देशक सिद्धांतों और भाषाई व सांस्कृतिक अधिकारों से संबंधित प्रावधानों को शामिल करने का समर्थन किया एन.गोपालस्वामीअयंगर-जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रधानमंत्री,प्रशासनिक पहलुओं को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्ति थे।जम्मू-कश्मीर के लिए संसदीय ढांचे और विशेष प्रावधानों को तैयार करने में उनकी अंतर्दृष्टि महत्वपूर्ण रही। जम्मू-कश्मीर के लिए अनुच्छेद 370 का मसौदा अयंगर ने तैयार किया।मोहम्मद सादुल्ला असम के रहने वाले बकील और राजनेता,अल्पसंख्यक अधिकारों और संघवाद पर चर्चा में योगदान दिया,पूर्वोत्तर क्षेत्र को अहमियत के साथ शासन ढांचे में समावेश सुनिश्चित किया।देवी प्रसाद खेतान बंगाल के प्रतिष्ठित वकील और विधायक, शुरूआती चरणों में अंहम योगदान दिया।1948 में असामयिक निधन ने एक शून्य उत्पन्न कर दिया,लेकिन उनके काम ने कई प्रगतिशील प्रावधानों की नींव रखी।एन.माधव राव बतौर प्रशासक अपनी विशेषज्ञता का लाभ पहुंचाया।प्रशासनिक सुधारों और संस्थागत ढांचे से संबंधित प्रावधानों को आकार देने में भूमिका निभाई। इसके लिए संविधान सभा का गठन दिसंबर 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत हुआ।जिसमें 389 सदस्य शामिल थे,जो विभाजन के बाद घटकर 299 हो गए।संविधान सभा की पहली बैठक डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता 9 दिसंबर 1946 को हुई तथा डॉ.भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में ड्राफ्टिंग कमिटी ने संविधान का मसौदा तैयार किया।संविधान के निर्माण में 2 साल,11 महीने और 18 दिनों तक 11 सत्रों में विचार-विमर्श किया गया। अंततः 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया,जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है।प्रारंभ में इसमें 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं(जो बाद में संशोधित हुईं)।यह संविधान कठोरता और लचीलापन का अनोखा मिश्रण है,जो विभिन्न वैश्विक संविधानों से प्रेरणा लेकर तैयार किया गया है। भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून है,जो इसके शासन ढांचे, अधिकारों और कर्तव्यों को रेखांकित करता है।यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी,धर्मनिरपेक्ष,लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करता है,जो अपने नागरिकों के लिए न्याय,स्वतंत्रता,समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करता है।भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ है।जो निम्न प्रकार है।भारतीय संविधान विश्व के सभी लिखित संविधानों में सबसे विस्तृत है।देश की विशाल विविधता को एकता में समायोजित करने की आवश्यकता,केंद्र और राज्यों दोनों के लिए एक ही संविधान,संविधान सभा में कानूनी विशेषज्ञों और जानकारों की उपस्थिति थें। भारतीय संविधान के अधिकाँश प्रावधान 1935 के भारत शासन अधिनियम के साथ-साथ विभिन्न अन्य देशों के संविधानों के प्रमुख प्रावधानों संशोधित करके भारतीय परिस्थितियों के अनुरुप अपनाया गया है।हमारा संविधान न तो कठोर है और न ही लचीला,बल्कि दोनों व्यवस्थाओं का एक अनोखा समिश्रण है।भारतीय संविधान ने ब्रिटिश संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया है।संसदीय प्रणाली विधायी और कार्यकारी अंगों के मध्यसहयोग और समन्वय के सिद्धांत पर आधारित है। किसी विशेष धर्म के पक्ष में या उसके विरुद्ध भेदभाव करने से परहेज करना चाहिए।प्रत्येक नागरिक जो 18 वर्ष से कम आयु का नहीं है,उसे जाति,नस्ल, धर्म,लिंग,साक्षरता,धन आदि के आधार पर किसी भी भेदभाव के बिना वोट देने का अधिकार है।सभी नागरिकों को,चाहे वे किसी भी राज्य में पैदा हुए हों या रहते हों, पूरे देश में नागरिकता के समान राजनीतिक और नागरिक अधिकार प्राप्त हैं,और उनके बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है,जैसे विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता,धर्म की स्वतंत्रता आदि की रक्षा करता है,साथ ही साथ इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर कानूनी निवारण के लिए तंत्र भी प्रदान करता है।हमारा संविधान सरकार की संरचना को चित्रित करता है,तथा सरकार के कार्यकारी,विधायी और न्यायिक शक्तियों और सीमाओं को परिभाषित करता है।शक्तियों के इस पृथक्करण के सिद्धांत से जांच और संतुलन को बढ़ावा मिलता है। लोकतांत्रिक सिद्धांतः सार्वभौम वयस्क मताधिकार जैसे प्रावधानों के माध्यम से संविधान निःशुल्क और निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से शासन में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित कर-के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखता है। तभी तो विश्व में सबसे अनुठा व अनोखा है हमारा संविधान । विश्व में ऐसा विधान,जो अपने नागरिकों का बिना किसी धर्म, जाति, लिंक ऊँच-नीच,अमीर -गरीब के आधार पर किसी भेद भाव करता हैकल्याण,वह है भारत का संविधान उपरोक्त जानकारी हमने एक सजग भारतीय नागरिक व लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ ' प्रजातंत्र के प्राण व सच्चे प्रहरी,एक कलम के सिपाई होने के नाते की है हालाकि भारत में एक पत्रकार के वास्तविक स्थिति से आप भली भांति परिचित है - खैर - आज के संविधान को लेकर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ सिद्धि में लगे हुए है चाहे वह सता पक्ष हो या विपक्ष।जनता जनार्दन को गुमराह कर वोट की राजनीति कर में गुरेज नही कर रहें है। फिलहाल आप से यह कहते हुए विदा लेते है कि - ना ही काहूँ से दोस्ती,ना ही काहुँ से बैर।खबरीलाल तो माँगे,सबकी खैर । फिर मिलेंगे तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग। तक तक के लिए अलविदा। आलेख -विनोद तकियावाला नोटः-लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है। सम्पर्क - मेल - journalist.takiawala@gmail.com, मो० - 8368393253

तीखी नजर

# वायु प्रदूषण सिर्फ एक भ्रम है



अंशुमाली रस्तोगी

बेवजह हंगामा खड़ा करना ही मकसद है। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। दिल्ली से लेकर बरेली तक हवा टनाटन है। कहीं कोई धुंध नहीं। धुआं नहीं। न आंखों में जलन न सीने में तूफान ही महसूस होता है। आलम यह है, शायद आप यकीन न करें, दिल्ली से हिमालय की चोटी और बरेली से नैनीताल के पहाड़ साफ नजर आ रहे हैं। आसमान स्वच्छ है। रात में भी अगर निगाह ऊपर कर देखेंगे तो चांद की धरती पर बैठी बुढ़िया टेलरिंग करती दिखलाई पड़ेगी। बुढ़िया एनक पहने है मैं देख पा रहा हूं। एक्यूआई कोर भ्रम है।

कभी-कभी धुंध का जो गुबार देखने में आता है, वो दरअसल, किसी के सिगरेट पीने की शरारत है। धुएं के छल्ले हैं। रोक सिगरेट पर लगनी चाहिए। उस बंदे को पकड़कर सीधा जेल भेजना चाहिए।

अभी हाल पढ़ा कि पाकिस्तान के लाहौर शहर का एक्यूआई एक हजार का स्तर पार कर गया। तमाम लोगों कि सांसें उखड़ने लगीं। हस्पताल मरीजों से भरने लगे। आसमान पर स्मॉग का आतंक दिखाई देने लगा। असली वायु प्रदूषण तो वहां है। हम उससे कहीं बेहतर हैं। हमने वायु गुणवत्ता को इस कदर मेंटेन कर रखा है कि अमरीका, चीन, जापान तक हक्का-बक्का हो जाएं। अपने शहर की हवा को जब सांसों में भरता हूं तो फेफड़े मुंह को आकर कहते हैं, वाह जनाब वाह!

वायु प्रदूषण पर हंगामा विपक्ष की चाल है। वो नहीं चाहता कि हम खुली एवं स्वच्छ हवा में दम भरें। एक्यूआई को हैक कर लिया गया है। जबकि दिवाली बीते कितना समय हुआ। पटाखे भी अबकी बार कहां इतना जले हैं! लोग हवा, सांस, वातावरण, स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक हो रहे हैं। सड़कों पर गंदगी का ढेर अब कहां नजर आता है। नालियां इतनी साफ कि अपना चेहरा आराम से देखा जा सकता है। वाहन खरीदे बेशक खूब जा रहे हैं किन्तु लोग चला कम रहे हैं। अतः डीजल-पेट्रोल के धुएं से भी मुक्ति मिली है।

कभी कल्पना भी न की थी कि लोग वायु प्रदूषण के प्रति इतना सजग हो जाएंगे। शायद ही दिल्ली के किसी घर में एयर प्यूरिफायर रखा दिखलाई पड़ता हो! मास्क में छिपे चेहरे भी अब नहीं दिखते। सब प्योर हवा में खुलकर सांस ले रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है! है न।

खराब एक्यूआई से जुड़ी सब खबरें कोरी अफवाह हैं। रत्तीभर कान न दें। कुछ सक्रिय विदेशी नहीं चाहती कि हिंदुस्तान तरक्की करे। पब्लिक जिम्मेदार बने। जबकि हमारे विकास का डंका विश्व की हर दिशा में बज रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है, दिल्ली की पवित्र वायु गुणवत्ता पर अन्य देश रिसर्च अवश्य करेंगे। देश के स्वच्छता अभियान को सराहेंगे। यहां आकर जानेंगे कि हम वायु प्रदूषण के प्रति कितना गंभीर हैं।

प्रदूषण-मुक्त दिल्ली और देश को देख मेरा सीना गर्व से भर जाता है। खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैं इस देश अनमोल नागरिक हूं।

## सार संक्षेप

### भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर पुरूष जूनियर एशिया कप का खिताब जीता



**मस्कट** : अराएजीत सिंह हुंदल की हैट्रिक की बदौलत भारत ने बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। इसी के साथ भारत पांचवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई हैं। यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने लिए हन्नान शाहिद ने मैच के तीसरे मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके एक मिनट बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने पेनल्टी कार्नर की मदद से चौथे मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत के अराएजीत सिंह हुंदल ने एक बार फिर कमाल करते हुए दूसरे क्वार्टर में 18वें मिनट में फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में गोलकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। पकिस्तान के लिए सुफिया खान ने 30वें और 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने के बाद दोनों टीमों का स्कोर तीन-तीन से बराबर रहा। चौथे क्वार्टर मे अराएजीत सिंह हुंदल ने 47वें मिनट में मैदानी गोल और उसके बाद 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोलकर स्कोर को 5-3 कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

### टीपीएल-6 के दूसरे दिन बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और गुजरात पैंथर्स शीर्ष दो में

**मुंबई** : टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) सीजन-6 के दूसरे दिन के पहले हाफ में बेंगलुरु एसजी पाइपर्स तालिका में शीर्ष पर तथा सुमित नागल की गुजरात पैंथर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। यहां क्लियर प्रीमियम वाटर द्वारा संचालित टीपीएल में बेंगलुरु एसजी पाइपर्स और बंगाल विजाड्र्स के बीच बुधवार को मुकाबला शुरू हुआ, जिसमें गैब्रिएला नटसन का मुकाबला कामिला राखीमोवा से हुआ। महिला एकल वर्ग में बंगाल विजाड्र्स की कामिला राखीमोवा ने 14-11 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। इसके बाद पुरुष एकल वर्ग में निकी पूनाचा और बर्नबे जापाटा मिरालेस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें निकी ने 13-12 के स्कोर के साथ मुकाबला अपने नाम किया। बेंगलुरु एसजी पाइपर्स की गैब्रिएला नटसन और अनिरुद्ध चंद्रशेखर की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में बंगाल विजाड्र्स की कामिला राखीमोवा और श्रीराम बालाजी को 14-11 से हराकर जीत हासिल की। पुरुष युगल वर्ग में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और बर्नबे जैपाटा मिरालेस ने निकी पूनाचा और श्रीराम बालाजी को 15-10 के स्कोर से हराया, जिससे बेंगलुरु एसजी पाइपर्स ने करीबी मुकाबले में 52-48 से जीत हासिल की। दिन के दूसरे मैच में पंजाब पैट्रियट्स और गुजरात पैंथर्स आमने-सामने थे। एकातेरिना काजियोनोवा ने गुजरात पैंथर्स को बेहतरीन शुरुआत दी और महिला एकल वर्ग में आकांक्षा नितुरे के खिलाफ 19-6 से जीत हासिल की। मुकुंद शशिकुमार ने पुरुष एकल में सुमित नागल के खिलाफ 15-10 के स्कोर से जीत हासिल की। मिश्रित युगल वर्ग में गुजरात पैंथर्स की एकातेरिना काजियोनोवा और विजय सुंदर प्रशांत ने आकांक्षा नितुरे और साकेत मायनेनी के खिलाफ 15-10 के स्कोरलाइन से मैच जीता।

### अहमदाबाद में गुजरात कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का आयोजन

**अहमदाबाद** : गुजरात कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का आयोजन अहमदाबाद में सात, आठ, 14 और 15 दिसंबर को किया जा रहा हैं। यहां आयोजित लीग के उद्घाटन समारोह में सभी टीमों का अनावरण एवं खेल का सम्पूर्ण कार्यकर्म प्रस्तुत किया गया। लीग के मैच सात, आठ, 14 और 15 दिसंबर को अहमदाबाद के यूनिकॉर्न क्रिकेट क्लब, मणिपुर गांव के पास खेले जाएंगे। सभी टीमों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कार राशि और गोल्ड कॉइन्स से सम्मानित किया जाएगा। समारोह की शुरुआत मिहिर झवेरी ने स्वागत भाषण की, इसके बाद नेतृत्व टीम का परिचय हुवा, जहां इस लीग के पीछे के दूरदर्शी व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। फिर कोर टीम द्वारा दीप प्रज्वलन करके एसीई सॉफ्टेक्स एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक अमित मेहता ने कहा कि गुजरात कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का उद्देश्य इस पहल के जरिए कॉर्पोरेट टीमों के बीच एकता बढ़ाना, एक स्वस्थ वर्क-लाइफ बैलेंस को प्रोत्साहित करना और मैदान के भीतर और बाहर उत्कृष्टता का अनुसरण करना है।

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप : गुकेश और लिरेन के आठवीं बाजी ड्रा रहीं

**सिंगापुर** : भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने बुधवार शाम फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आठवें मुकाबला ड्रा खेला। इस चैंपियनशिप में दोनों खिलाड़ियों के बीच यह लगातार पांचवां गेम ड्रॉ रहा। इसी के साथ दोनों खिलाड़ी 4-4 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। यहां खेले गये आठवें मुकाबले में 51 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रा पर सहमत हुये। दोनों खिलाड़ी के बीच अभी छह गेम होने शेष हैं।

### सुदेवा ने नेशनल यूनाइटेड को हराया

**नई दिल्ली**: डीएसए प्रीमियर लीग में बुधवार को सुदेवा दिल्ली एफसी ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को 5 -0 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां अम्बेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में सुदेवा की जीत का हीरो बदलू खिलाड़ी तुषार कुमार सिंह ने दो बेहतरीन गोल जमाए। वहीं जाजो प्रशांन और एम लुवांग ने एक एक गोल का योगदान दिया। अमित ने आत्मघाती गोल कर नेशनल यूनाइटेड की हार को बड़ा किया। हालांकि सुदेवा ने शुरू से दबदबा बनाने का प्रयास किया लेकिन अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने आसान मौकों पर लक्ष्यविहीन निशांने लगाए। नतीजान खाता खोलने में देर हुई।

# भारत ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

## सूर्यवंशी और आयुष ने खेली आतिशी पारी, भारत ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

● शारजाह,

**युद्धजीत** गुहा (तीन विकेट), चेतन शर्मा और हार्दिक राज(दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद वैभव सूर्यवंशी (नाबाद (76) और आयुष म्हात्रे (67) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 12वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 10 विकेट से शिकस्त दी।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज बल्लेबाजी करते हुए महज 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन पर बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंदों में तीन चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद (76) रनों की पारी खेली। आयुष म्हात्रे ने 51 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (नबाद 67) रन बनाये। इससे पहले यहां यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। आर्यन सक्सेना (नौ) और यायीन राय (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में हार्दिक राज ने इथन डिसूजा (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अक्षत राय (26), मोहम्मद रयान (35) और उद्दीश सुरी (16) रन पर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूएई के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और यूएई की पूरी टीम 44 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने तीन विकेट लिये। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



### स्कोर बोर्ड

| यूएई अंडर-19 | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्यन सक्सेना बो युद्धजीत गुहा | 09 | 17 | 1 | 0 |
| अक्षत राय पगबाधा बो कार्तिकेय | 26 | 52 | 1 | 0 |
| यायीन का हरवंश बो चेतन | 00 | 1 | 0 | 0 |
| डिसूजा का हरवंश बो हार्दिक | 17 | 27 | 2 | 0 |
| रयान बो आयुष म्हात्रे | 35 | 48 | 3 | 1 |
| अयान का कार्तिकेय बो हार्दिक | 05 | 46 | 0 | 0 |
| उद्दीश सुरी रन आउट | 16 | 23 | 1 | 0 |
| नूरुल्लाह बो चेतन शर्मा | 09 | 23 | 1 | 0 |
| हर्ष देसाई नाबाद | 07 | 22 | 0 | 0 |
| मुदित का कार्तिकेय बो युद्धजीत | 04 | 16 | 0 | 0 |
| अली का हरवंश बो युद्धजीत | 02 | 7 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07 रन

कुल : 44 ओवर में 137 रन ऑलआउट

विकेट पतन: 1-14, 2-17, 3-49, 4-67, 5-72, 6-107, 7-122, 8-124, 9-133, 10-137

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| युद्धजीत गुहा | 7 | 0 | 15 | 3 |
| चेतन शर्मा | 8 | 1 | 27 | 2 |
| हार्दिक राज | 10 | 1 | 28 | 2 |
| समर्थ नागराज | 3 | 0 | 15 | 0 |
| केपी कार्तिकेय | 10 | 1 | 24 | 1 |
| आयुष म्हात्रे | 5 | 1 | 19 | 1 |
| निखिल कुमार | 1 | 0 | 4 | 0 |

| भारत अंडर-19 | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आयुष म्हात्रे नाबाद | 67 | 51 | 4 | 4 |
| वैभव सूर्यवंशी नाबाद | 76 | 46 | 3 | 6 |

अतिरिक्त : 00 रन

कुल 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 143 रन

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| अयान अफजल खान | 5 | 0 | 44 | 0 |
| अली असगर | 2 | 0 | 19 | 0 |
| आर्यन सक्सेना | 3 | 0 | 24 | 0 |
| उद्दीश सुरी | 3.1 | 0 | 35 | 0 |
| हर्ष देसाई | 3 | 0 | 21 | 0 |

# पाकिस्तान ने जापान को 180 रनों से हराया

● दुबई,

**मोहम्मद** रियाजुल्लाह (नाबाद 66), शाहजेब खान (45) और फहम-उल-हक (34) की शानदार पारियों के बाद मोहम्मद हुजैफा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप के 11वें वनडे मुकाबले में जापान को 180 से हरा दिया है।

244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम को मोहम्मद हुजैफा आठ रन देकर (पांच विकेट), मोहम्मद अहमद , अहमद हुसैन ने (दो-दो) विकेट तथा फहम-उल-हक ने एक विकेट के कहर का सामना करना पड़ा। जापान की ओर से निहार परमार ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली। जापान के 10 खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने 28.3 ओवर में जापान को 68 रन पर ढेर कर मुकाबला 180 रनों से जीत लिया।



इससे पहले पाक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जापानी गेंदबाजों ने शुरुआत में पाकिस्तान के किसी भी बल्लेबाज को अधिक देर तक पिच पर नहीं टिकने दिया। कप्तान साद बेग (03), हारून अरशद (09), फरहान यूसफ (10) और फहम-उल-हक (34) और तैय्यब आरिफ (20) रन बनाकर आउट हुये। 25वें ओवर में 100 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां कर पाकिस्तान की टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय शाहजेब खान मोहम्मद रियाजुल्लाह ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 82 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शाहजेब खान (45) का विकेट गिरा। मोहम्मद रियाजुल्लाह (66) और अहमद हुसैन (30) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 243 रन बनाये। जापान की ओर से निहार परमार ने दो विकेट लिए। के वाई लेक ,के वॉल,चार्ल्स हिंजे,और तिमुती मूरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अफ्रीका ने पाक के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए क्लासेन को दी कमान

### पाक के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मैच 10 दिसंबर से

**डरबन, वार्ता** : दक्षिण अफ्रीका ने 10 दिसंबर से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए हेनरिक क्लासेन की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने नियमित कप्तान एडेन मारक्रम जो कि वर्तमान में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं को तीसरे टेस्ट और टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। इसके अलावा मौजूदा टेस्ट सीरीज में खेल रहे मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स भी टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे। पाकिस्तान के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए दक्षिण टीम इस प्रकार हैः- हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फेरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, जॉर्ज लिडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, एन पीटर, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, एंडिले



सिमेलाने और रासी वैन डेर डूसन। दक्षिण अफ्रीका का पाकिस्तान के साथ पहला टी-20 मैच 10 दिसंबर को डरबन में खेला जायेगा। वहीं दूसरा टी-20 मुकाबला 13 दिसंबर को सेंचुरियन में होगा। जोहान्सबर्ग में 14 दिसंबर को तीसरा टी-20 मैच खेला जायेगा।

# सिलेक्टर्स ने मांगी शमी की फिटनेस रिपोर्ट

### एडिलेड टेस्ट के बाद फैसला ले सकती है कमेटी मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल रहे शमी

**मुंबई, वार्ता** : भारतीय सेलेक्टर्स ने मोहम्मद शमी की फिटनेस रिपोर्ट नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के फिजियो नितिन पटेल से मांगी है। शमी फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की तरफ से खेल रहे हैं। उनकी फिटनेस पर नजर रखने के लिए बंगाल के मैच के दौरान पटेल टीम के साथ ही है।

बीसीसीआई के सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि मोहम्मद शमी की फिटनेस की रिपोर्ट सिलेक्शन कमेटी ने मांगी है। रिपोर्ट के आधार पर ही शमी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भेजना है या नहीं, इस पर फैसला लिया जाएगा। रणजी मैच में भी मौजूद थे सिलेक्टर्स मध्यप्रदेश और बंगाल के खिलाफ रणजी मैच में शमी की फिटनेस देखने के लिए एक चयनकर्ता के साथ



नितिन पटेल भी मौजूद थे। उस समय फिटनेस रिपोर्ट में कहा गया था कि शमी को थोड़े और घरेलू मैच खेलने की जरूरत है। जिसके बाद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की टीम में शामिल किया गया। बंगाल टीम अब 6 मैच खेल चुकी है और शमी ने इनमें 23.3 ओवर गेंदबाजी की। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान भी शमी की फिटनेस पर नजर रखने के लिए सिलेक्शन कमेटी के मेंबर और फिजियो अवेलेबल थे। फिजियो जल्द ही अपनी रिपोर्ट बीसीसीआई को सौंपेंगे। जिसके बाद टीम मैनेजमेंट और सिलेक्शन कमेटी शमी को ऑस्ट्रेलिया भेजने पर फैसला लेगी। शमी ने करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी मैच से मैदान पर वापसी की। उन्होंने 13 से 16 नवंबर तक मध्य प्रदेश के खिलाफ इंदौर में रणजी मैच खेला। शमी ने मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। जिसकी मदद से बंगाल ने एमपी को उन्हीं के होमग्राउंड पर हराया था। 34 साल के शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल खेला था। इसके बाद उन्होंने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। इसी साल जनवरी में इंग्लैंड में उन्होंने एंकल की सर्जरी कराई।

# बांग्लादेश की जीत में चमके तैजुल और नाहिद

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 101 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की

● किंग्स्टन,

**तैजुल** इस्लाम (पांच विकेट), नाहिद राणा (पांच विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बांग्लादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में चार विकेट से हराया था। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वूपर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जॉशुआ डासिल्वा (12) रन बनाये। बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 50 ओवर में 185 रनों पर समेट कर 101 रनों से मुकाबला जीत लिया। बांग्लादेश



की ओर से तैजुल इस्लाम ने पांच विकेट लिये। हसन महमूद और तसकीन अहमद को दो-दो विकेट मिले। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। तैजुल इस्लाम को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया'। तैजुल इस्लाम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में पांच विकेट झटकते हुए कुल छह विकेट लिये। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन ही बना सकी थी। बांग्लादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम(64) शहादत हुसैन दीपू (22), कप्तान मेहदी हसन मिराज(36), महमूदुल हसन जॉय (तीन), लिटन दास (एक) और जेकर अली (एक) रन बनाकर आउट हुये। वेस्टइंडीज की ओर जेडेन सील्स ने चार और शमार जोसेफ ने तीन विकेट लिये। केमार रोच को दो विकेट मिले। अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को नाहिद राणा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने 65 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए क्रेग ब्रैथवेट (39), केसी कार्टी (40), मिकाइल लुईस (12) रनों की पारी खेली। आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिये। हसन महमूद को दो विकेट मिले। तसकीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में जाकेर अली (91),शादमान इस्लाम (46), कप्तान मेहदी हसन मिराज (42), शहादत हुसैन (28), लिटन कुमार दास (25) और तैजुल इस्लाम (14) के योगदान से 268 रन बनाये और पहली पारी में मिली बढ़त के साथ वेस्टइंडीज को 287 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट लिये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK